▪ कार्तिक शुक्ल - 3 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 20 ▪ अंक - 100 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » सोमवार » 04-11-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करेगी भाजपा : अमित शाह

6 ड्रैगन के खिलाफ बलूचों ने क्यों उठा रखे हैं हथियार?

7 राजस्थान की खूबसूरती में खोई सामंथा रूथ प्रभु

# दुनिया के साथ आगे बढ़ना चाहता है भारत : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ब्रिसबेन/भाषा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत विकास के पथ पर अग्रसर है और दुनिया के साथ आगे बढ़ना चाहता है। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया के देशों में भारत के साथ काम करने की सदिच्छा और भावना है।



जयशंकर ने यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित भी किया। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा, भारत आगे बढ़ेगा, भारत आगे बढ़ रहा है, लेकिन भारत दुनिया के साथ बढ़ना चाहता है। जब हम दुनिया को देखते हैं, तो हमें अवसर दिखाई देते हैं। हम आशावादी हैं। समस्याएं हो सकती हैं, लेकिन कुल मिलाकर, हमें लगता है कि दुनिया के देशों में भारत के साथ काम करने की सदिच्छा और भावना है।

उन्होंने कहा, हम दुनिया भर में भारत की सफलता के प्रति एक भावना देखते हैं और यह महत्वपूर्ण है कि हम उस भावना का उपयोग करें। उन्होंने कहा, ''आज विदेश में भारतीयों की छवि बेहतर तौर पर शिक्षित, व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार है...मुझे लगता है कि आज इन सभी का संयोजन हमें वैश्विक कार्यस्थल में बहुत ही आकर्षक बनाता है।''

उन्होंने कहा, ''और मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि उस ब्रांड को विकसित किया जाए, उन कौशलों को पोषित किया जाए... और फिर मैं इस बात पर जोर देता हूं कि आप जानते हैं कि यह युग एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, चिप का है और इसके लिए वैश्विक कार्यबल की आवश्यकता होगी।''

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के साथ द्विपक्षीय संबंधों में आए बदलाव का जिक्र किया और इस प्रगति का श्रेय चार प्रमुख कारकों प्रधानमंत्री मोदी, ऑस्ट्रेलिया, विश्व और प्रवासी भारतीयों को दिया। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री मोदी का जिक्र किया और मैंने ऐसा एक खास वजह से किया। मुझे 2014 में उनके साथ हुई एक शुरुआती बातचीत याद है।

## पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर

# भारत, चीन ने सैनिकों को पीछे हटाने की दिशा में 'कुछ प्रगति' की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ब्रिस्बेन/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत और चीन ने सैनिकों को पीछे हटाने की दिशा में ''कुछ प्रगति'' की है। उन्होंने इस घटनाक्रम को ''स्वागत योग्य'' कदम बताया। जयशंकर की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध वाले दो बिंदुओं-डेमचोक और देपसांग में भारतीय और चीनी सैनिकों के पीछे हटने के कुछ दिनों बाद आई है। भारतीय सेना ने देपसांग में सत्यापन गश्त शनिवार को शुरू की, जबकि डेमचोक में गश्त शुक्रवार को शुरू हुई थी।

जयशंकर ने ब्रिस्बेन में प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा, ''भारत और चीन के संदर्भ में हमने कुछ प्रगति की है। आप जानते हैं कि हमारे संबंध कुछ कारणों से बहुत ही खराब थे। हमने (सैनिकों के) पीछे हटने की दिशा में कुछ प्रगति की है।'' विदेश मंत्री ने कहा, ''वास्तविक नियंत्रण रेखा के आसपास बहुत बड़ी संख्या में चीनी सैनिक तैनात हैं, जो 2020 से पहले वहां नहीं थे और बदले में हमने भी जवाबी तैनाती की। इस अवधि के दौरान संबंधों के अन्य पहलू भी प्रभावित हुए हैं। इसलिए स्पष्ट रूप से, हमें पीछे हटने के बाद देखना होगा कि हम किस दिशा में आगे बढ़ते हैं।''

जयशंकर ने कहा, ''लेकिन, हमें लगता है कि पीछे हटना एक स्वागत योग्य कदम है। इससे यह संभावना खुलती है कि अन्य कदम भी उठाए जा सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि पिछले महीने रूस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात के बाद उम्मीद थी कि ''राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) और मैं दोनों अपने समकक्षों से मिलेंगे।

# पुलवामा में आतंकवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े आतंकवादियों के मददगार को गिरफ्तार करके उसके पास से हथियार और गोला-बारूद जब्त किए हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी व्यक्ति की पहचान पुलवामा के तहाब इलाके के निवासी सजाद अहमद डार के रूप में हुई है। एक प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक संयुक्त टीम ने विस्फोटक अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले के सिलसिले में डार को दो नवंबर को पुलवामा के डेंजरपोरा से गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा, ''सजाद अहमद ने अपनी दुकान के अंदर उस स्थान का खुलासा किया जहां उसने हथियार और गोला-बारूद रखा था। इसके बाद सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने उक्त स्थान पर छापा मारकर एक पिस्तौल, 12 राउंड वाली एक मैगजीन और दो हथगोले के साथ छिपाए गए अन्य हथियार और गोला-बारूद को बरामद करते हुए जब्त कर लिया।''

## फर्स्ट टेक

### मैंने धूम्रपान छोड़ दिया है : शाहरुख खान

**नई दिल्ली/भाषा।** एक समय बहुत ज्यादा धूम्रपान करने वाले अभिनेता शाहरुख खान ने खुलासा किया है कि उन्होंने आखिरकार इस आदत को छोड़ दिया है। अभिनेता ने शनिवार को मुंबई के एक सभागार में अपने 59वें जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए प्रशंसकों के साथ स्वास्थ्य संबंधी जानकारी साझा की। शाहरुख फैन क्लब द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए कार्यक्रम के एक वीडियो में अभिनेता को यह कहते हुए सुना जा सकता है, ''यह अच्छी बात है मैं अब धूम्रपान नहीं करता हूं, दोस्तों। मुझे लगा था कि धूम्रपान छोड़ने के बाद मुझे सांस लेने में तकलीफ नहीं होगी, लेकिन मैं अभी भी इसे (इसके दुष्प्रभाव) महसूस करता हूं। इंशाअल्लाह, यह भी ठीक हो जाएगा।''

### गुजरात के कच्छ में 3.4 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**अहमदाबाद/भाषा।** गुजरात के कच्छ जिले में रविवार तड़के 3.4 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस भूकंप से जिले में जान-माल के किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। गांधीनगर स्थित आईएसआर ने बताया कि भूकंप के झटके तड़के तीन बजकर 58 मिनट पर महसूस किए गए और इसका केंद्र लखपत से 53 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व में था। आईएसआर के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले 27 अक्टूबर को राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र के अमरेली जिले में 3.7 तीव्रता का भूकंप आया था। गुजरात में भूकंप का खतरा बहुत अधिक रहता है।

### लॉरेंस विश्नोई के भाई के खिलाफ मामला दर्ज

**गुरुग्राम/भाषा।** भीम सेना प्रमुख सतपाल तंवर को कथित तौर पर विदेश से धमकी देने को लेकर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस ने मामला दर्ज किया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने रविवार को दी। अनमोल पर अमेरिका और कनाडा से जिम्बाब्वे एवं केन्या के नंबरों का उपयोग कर धमकी भरे कॉल करने का आरोप है। पुलिस में दर्ज शिकायत के मद्देनजर, जांच के लिए एक टीम गठित की गई है जिसमें एसटीएफ (विशेष कार्य बल) और अपराध एवं साइबर अपराध के सदस्य शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि अनमोल बिश्नोई को भारत लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। शिकायत के अनुसार, भीम सेना प्रमुख सतपाल तंवर को 30 अक्टूबर को अनमोल बिश्नोई के कई कॉल आए, जिसमें धमकी दी गई कि वह उन्हें टुकड़े-टुकड़े कर देगा। शिकायत के अनुसार, कॉल कुल 6 मिनट 41 सेकंड की थी।

### पुरी जगन्नाथ मंदिर की चारदीवारी में दरारें

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा सरकार ने पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर की चारदीवारी मेघनाद पचेरी में आई दरारों की मरम्मत के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से मदद मांगी है। मंदिर के सेवादारों ने चिंता जताई है कि इसके परिसर के अंदर आनंदबाजार से आने वाला गंदा पानी इन दरारों से रिस रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि दीवार के कुछ हिस्सों पर शैवाल के धब्बे दिखाई देने लगे हैं। बारहवीं शताब्दी के मंदिर की सुरक्षा को लेकर चिंतित श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने एएसआई से दीवार पर आवश्यक संरक्षण कार्य करने का आग्रह किया है। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढी ने रविवार को कहा, ''हम मेघनाद पचेरी की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। एएसआई के अधिकारी और हमारी तकनीकी टीम ने पहले ही चारदीवारी का निरीक्षण कर लिया है, और हमें उम्मीद है कि एएसआई जल्द ही आवश्यक मरम्मत कार्य पूरा कर लेगा।''

| | |
|---|---|
| 04-11-2024 सूर्यास्त 5:52 बजे | 05-11-2024 सूर्योदय 6:14 बजे |
| BSE 79,724.12 (-218.06) | NSE 24,304.35 (-36.50) |
| सोना 8,357 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 100,425 रु. प्रति किलो |

# जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में ग्रेनेड हमले में 11 लोग घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू कश्मीर के श्रीनगर शहर में रविवार को आतंकवादियों ने भीड़-भाड़ वाले एक बाजार के निकट केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के बंकर की ओर ग्रेनेड फेंका, जिससे 11 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



यह हमला पर्यटक स्वागत केंद्र (टीआरसी) के निकट स्थित आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र परिसर के पास हुआ, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है।

सुरक्षा बलों द्वारा श्रीनगर के खानयार इलाके में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक शीर्ष पाकिस्तानी कमांडर को मार गिराये जाने के एक दिन बाद यह हमला हुआ। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आतंकवादियों ने टीआरसी के पास सीआरपीएफ के बंकर की ओर ग्रेनेड फेंका। उन्होंने कहा, हालांकि, ग्रेनेड लक्षित निशाने को चूक गया और सड़क किनारे गिरा, जिससे 11 लोग घायल हो गए। यह विस्फोट साप्ताहिक बाजार के नजदीक हुआ, जिसे रविवार बाजार के नाम से जाना जाता है, जहां हजारों लोग आते हैं।

# पंजाब : हावड़ा मेल के एक डिब्बे में धमाका, चार लोग घायल

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब के फतेहगढ़ जिले में सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास हावड़ा मेल के सामान्य श्रेणी के एक डिब्बे में हुए धमाके में चार लोग घायल हो गए। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे की है, जब अमृतसर से हावड़ा जा रही ट्रेन के एक डिब्बे में पटाखों से भरी एक प्लास्टिक की बाल्टी में धमाका हुआ। इस घटना में एक महिला समेत चार यात्री घायल हो गए। जीआरपी के पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि घायलों को फतेहगढ़ साहिब के सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

# मोदी सरकार की शिक्षा नीति से भारत 'विश्व गुरु' बनने की राह पर : सोनोवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** पत्तन, पोते परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा है कि देश में शिक्षा क्षेत्र में जबरदस्त सुधार हुआ है तथा इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की अहम भूमिका है जिसने भारत को 'विश्व गुरु' बनने की राह पर अग्रसर किया है।



सोनोवाल ने डिब्रूगढ़ में असम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के 78वें और डिब्रू कॉलेज के 62वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान छात्रों से बातचीत में कहा कि समाज में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में हर डॉक्टर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। असम मेडिकल कॉलेज की विरासत सुरक्षित हाथों में है और उन्हें पूरा भरोसा है कि इस विरासत को आगे बढ़ाकर लोगों के जीवन को शारीरिक और मानसिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकेगा।

असम मेडिकल कॉलेज को आदम तथा पूर्वोत्तर का गौरव बताते हुए उन्होंने कहा कि विश्व स्तर के डॉक्टर और शोधकर्ता बनने में इस कॉलेज की प्रतिभाओं को निखारा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए असम सरकार से 300 करोड़ रुपये की सहायता के अलावा क्षेत्रीय सांसद के रूप में वह इसकी क्षमता को बढ़ाने में योगदान देने को प्रतिबद्ध है। समकालीन चिकित्सा पद्धति में उत्कृष्ट बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सदियों पुरानी पारंपरिक औषधीय प्रणाली तन और मन को स्वस्थ बनाने में कारगर सिद्ध हुए हैं।

# देश से मार्च 2026 तक नक्सलवाद का सफाया कर दिया जायेगा : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) गठबंधन पर ''नक्सलवाद को बढ़ावा देने'' का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार मार्च 2026 तक देश से इस खतरे को खत्म कर देगी।




शाह ने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) झारखंड में सरकार बनायेगा और दावा किया कि हाल में हुए लोकसभा चुनाव के आधार पर यह गठबंधन 81 विधानसभा सीट में से कम से कम 52 सीट जीतेगा।

चतरा जिले के सिमरिया में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, यह झारखंड से दलित विरोधी, आदिवासी विरोधी, गरीब विरोधी और युवा विरोधी हेमंत सरकार को हटाने का समय है, जो राजनीतिक फायदे के लिए नक्सलवाद को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा, हमने पिछले पांच वर्षों में झारखंड से इस खतरे को उखाड़ फेंका है और अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार मार्च, 2026 तक भारत से नक्सलवाद का सफाया कर देगी।

सोरेन सरकार पर गरीबों और आदिवासियों के लिए निर्धारित निधि को हड़पने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आने पर झारखंड के सभी भ्रष्ट नेताओं को सलाखों के पीछे डाल देगी।

शाह ने कहा, हाल के लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता ने गठबंधन को 47 प्रतिशत वोट दिए थे, इसलिए राजग झारखंड में 81 में से 52 सीट जीतेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने 14 में से नौ संसदीय सीट राजग को दी थीं और गठबंधन के पक्ष में कुल 80 लाख वोट पड़े थे।

राज्य में 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

# उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी वाला संदेश भेजने के आरोप में एक युवती गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** मुंबई पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी भरा संदेश भेजने के आरोप में एक युवती को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोपी युवती की पहचान फातिमा खान (24) के रूप में की गई है, वह अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में रहती है। अधिकारी ने बताया कि उसने सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी की है। अधिकारी ने बताया कि उसके पिता का लकड़ी का कारोबार है। पुलिस ने बताया कि युवती शिक्षित है लेकिन मानसिक रूप से अस्थिर है।



अधिकारी ने बताया कि मुंबई यातायात पुलिस के व्हॉट्सऐप पर शनिवार को किसी अज्ञात नंबर से एक संदेश आया, जिसमें धमकी दी गई कि अगर आदित्यनाथ ने 10 दिन के भीतर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया तो उन्हें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि फातिमा ने यह संदेश भेजा था। अधिकारी ने बताया कि मुंबई आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने उल्हासनगर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में युवती का पता लगाया और उसे हिरासत में ले लिया। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

अधिकारी ने बताया कि आदित्यनाथ राज्य विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए महाराष्ट्र आ सकते हैं और इस कारण पुलिस अलर्ट पर है।

KMYF
Estd. 1981

ಕರ್ನಾಟಕ ಮಾರ್ವಾಡಿ ಯುತ್ ಫೆಡರೇಶನ್ (ರಿ.)
KARNATAKA MARWARI YOUTH FEDERATION ®

Cordially invites you to
Kannada Rajyostva Celebration
& the
Inauguration of
Mobile Dental Van Donated by
SRI VANI CHARITABLE TRUST

KMYF DENTAL CARE CENTER




on
Monday, 04th Nov, 2024
at
KMYF D.R. RANKA DIALYSIS CENTER
# 135, 13th Main, 35th Cross, 4th T Block, Jayanagar, Bengaluru - 560 041
by
Shri Dinesh Gundu Rao
Minister for Health & Family Welfare - Govt. of Karnataka

Rajyotsava Flag Hoisting by
Shri Babulal Ranka
Ranka Steels

Lighting of Lamp
Shri Trilok Bothra
Bothra Foundation

Guest of Honor
Shri Ashok Ranka
Mahesh Hardware & Pipes Pvt. Ltd.

Programme
09.00am to 10.00am - Breakfast
10.00am to 10.30am - Inauguration

Requesting your gracious presence
Welcome by
Team KMYF

Ongoing Projects of KMYF
KMYF D.R. RANKA DIALYSIS CENTER

# भारत पांच साल में पेट्रोलियम, रत्न, चीनी निर्यात में वैश्विक 'खिलाड़ी' के रूप में उभरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पिछले पांच साल के दौरान भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पेट्रोलियम, रत्न, कृषि रसायन और चीनी जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ी है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। भारत ने 2018 और 2023 के दौरान इन क्षेत्रों में वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। इसके अलावा इलेक्ट्रिकल सामान, न्यूमेटिक टायर, नल और वॉल्व, तथा सेमीकंडक्टर उपकरणों में भी हिस्सेदारी बढ़ी है।

मंत्रालय के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2023 में पेट्रोलियम निर्यात बढ़कर 84.96 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इसके साथ ही वैश्विक व्यापार में भारत की बाजार हिस्सेदारी 2018 के 6.45 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 12.59 प्रतिशत हो गई। इस श्रेणी में भारत पांचवे स्थान से बढ़कर दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक बन गया। कीमती और अर्ध-कीमती पत्थरों के क्षेत्र में वैश्विक निर्यात में देश की हिस्सेदारी 2018 के 16.27 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 36.53 प्रतिशत हो गई है। इस श्रेणी में देश वैश्विक व्यापार में दूसरे स्थान से शीर्ष पर आ गया।

इसी तरह चीनी निर्यात 2018 के 93 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 3.72 अरब डॉलर हो गया। इस क्षेत्र में वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 4.17 प्रतिशत से बढ़कर 12.21 प्रतिशत हो गई। कीटनाशकों और कवकनाशकों के वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी में भी अच्छी वृद्धि हुई। अंतरराष्ट्रीय कृषि और पर्यावरण मानकों को पूरा करने की भारत की क्षमता और कृषि रसायनों में नवोन्मेषण पर ध्यान देने की वजह से ऐसा संभव हो पाया।

इसके अलावा रबड़ न्यूमेटिक टायर, सेमीकंडक्टर और फोटोसेंसिटिव उपकरणों के वैश्विक व्यापार में भी देश की स्थिति मजबूत हुई है।

## अजित ने मतदाताओं से कहा

# लोस चुनाव में 'साहेब' को खुश किया, विधानसभा चुनाव में मुझे प्रसन्न करें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बारामती/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को बारामती के लोगों से राज्य के विधानसभा चुनावों में उन्हें उसी तरह से खुश करने की अपील की, जैसे उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में 'साहेब' को किया था। 'साहेब' से अजित पवार का इशारा उनके चाचा शरद पवार की तरफ था।

लोकसभा चुनाव में राकांपा (शरदचंद्र पवार) नेता और पार्टी प्रमुख शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने बारामती में हुए एक 'हाई-प्रोफाइल' मुकाबले में अपने चचेरे भाई अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को करारी शिकस्त दी थी। पिछले साल जुलाई में अजित पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के कई नेता राज्य में एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल हो गए थे, जिससे शरद पवार द्वारा स्थापित पार्टी दो हिस्सों में बंट गई थी। राकांपा प्रमुख अजित पवार 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में पुणे जिले की बारामती विधानसभा सीट से किस्मत आजमा रहे हैं। अजित का मुकाबला उनके भतीजे और राकांपा (शरदचंद्र पवार) उम्मीदवार युगेंद्र पवार से है। युगेंद्र ने 28 अक्टूबर को जब इस सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, तो शरद पवार (83) और सुप्रिया सुले उनके साथ थे। अजित पवार रविवार को बारामती तहसील के कई गांवों के दौरे पर थे, जहां उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर कई मुद्दों पर चर्चा की। सांवल गांव में अजित पवार ने कहा, अगर सुप्रिया लोकसभा चुनाव हार जातीं, तो साहेब (शरद पवार) को इस उम्र में कैसा महसूस होता, यही सोचकर आपने उन्हें वोट दिया, लेकिन अब विधानसभा चुनाव में मुझे वोट दें। उन्होंने कहा, आपने लोकसभा चुनाव में 'साहेब' को खुश किया, अब विधानसभा चुनाव में मेरे पक्ष में मतदान कर मुझे प्रसन्न करें।



# सामाजिक संगठन ने यमुना नदी की सफाई के लिए अभियान शुरू किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली-एनसीआर और ब्रज क्षेत्र में यमुना नदी की सफाई एवं पुनर्जीवन के लिए साल भर चलाए जाने वाले अभियान की शुरुआत रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक सामाजिक संगठन ने की।

'भिक्षाटन महायज्ञ' अभियान भाई दूज त्योहार के अवसर पर 'यमुना संसद' के संयोजक रविशंकर तिवारी द्वारा शुरू किया गया। संगठन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि तिवारी नदी के पुनर्जीवन के लिए स्थानीय समुदायों, नागरिक संस्था के सदस्यों और पर्यावरण संगठनों के साथ मिलकर दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और ब्रज क्षेत्र की यात्रा करते हैं।

इसमें कहा गया है, इस पहल का उद्देश्य नदी की नाजुक स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, खासकर दिल्ली-एनसीआर और ब्रज क्षेत्र में। साल भर चलने वाले अभियान का उद्घाटन आईटीओ स्थित छठ घाट के पास किया गया और इसमें समुदाय के प्रतिनिधियों और स्कूली बच्चों सहित अन्य लोगों ने हिस्सा लिया।

बयान में कहा गया है कि यमुना नदी प्रदूषण और अतिक्रमण के खतरे का सामना कर रही है।

तिवारी ने अभियान में जन भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस पहल के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते दिल्ली-एनसीआर तथा ब्रज क्षेत्र का दौरा करने की योजना बनाई है।

# सामूहिक भावना के माध्यम से टीबी मुक्त भारत की दिशा में प्रयास जारी रहेगा : मोदी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारत में टीबी के मामलों में आई कमी को देश के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम करार दिया तथा कहा कि एक सामूहिक भावना के माध्यम से टीबी मुक्त भारत की दिशा में प्रयास जारी रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा के उस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही। जे पी नड्डा ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से टीबी संक्रमण के खिलाफ भारत की लड़ाई पर जारी एक रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि केन्द्र सरकार टीबी मुक्त भारत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है।

नड्डा ने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने 2015 से 2023 तक टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की गिरावट के साथ भारत की उल्लेखनीय प्रगति को मान्यता दी है और यह दर 8.3 प्रतिशत की वैश्विक गिरावट के दोगुने से भी अधिक है।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सराहनीय प्रगति! क्षयरोग (टीबी) के मामलों में कमी भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है। एक सामूहिक भावना के माध्यम से, हम टीबी मुक्त भारत की दिशा में काम करते रहेंगे।

# डिजिटल अरेस्टः ईडी ने आरोपपत्र दाखिल किया, साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने परामर्श जारी किया

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोगों से 'डिजिटल अरेस्ट' के खतरे से बचने का आग्रह किए जाने के तुरंत बाद, जांच एजेंसियों ने कहा कि वे साइबर अपराध की इस श्रेणी के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं जिसके तहत जहां प्रवर्तन निदेशालय ने ऐसे ही एक मामले में आरोप पत्र दाखिल किया, वहीं भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने नया परामर्श जारी किया है।

ईडी ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि उसने पिछले माह बेंगलूरु में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष आठ आरोपियों के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की, जिन्होंने कथित तौर पर धोखेबाजी वाले ऐप के माध्यम से ''फर्जी'' आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आवंटन और शेयर बाजार में निवेश के माध्यम से आम लोगों को ''लुभाया'' था। ईडी ने कहा, जांच में पाया गया कि भारत में साइबर घोटालों का एक बहुत बड़ा नेटवर्क है, जिसमें फर्जी शेयर बाजार निवेश और ''डिजिटल अरेस्ट'' शामिल हैं, जिन्हें मुख्य रूप से 'फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हॉट्सऐप' और टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच के जरिए अंजाम दिया जाता है। इसने कहा, पिग बुचरिंग घोटाले के नाम से प्रचलित शेयर बाजार निवेश घोटाले, फर्जी वेबसाइट और भ्रामक व्हॉट्सऐप समूहों का उपयोग करके उच्च मुनाफे का लालच देकर लोगों को लुभाते हैं। ये भ्रामक व्हॉट्सऐप समूह देखने से ऐसा लगता है कि ये प्रतिष्ठित वित्तीय कंपनियों से जुड़े हैं। ईडी ने कहा कि खुद को सीमा शुल्क और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का अधिकारी बताकर घोटाले के पीड़ितों को 'डिजिटल अरेस्ट' किया गया, जिससे आखिरकार उन्हें मुखौटा कंपनियों में भारी मात्रा में धन अंतरित करने के लिए मजबूर किया।

# पटोले का मोदी को पत्र, कपास आयात पर प्रतिबंध की मांग



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने केंद्र सरकार से कपास के आयात पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने दावा किया कि इससे किसान प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि कपास की खरीद 7,122 रुपए के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जाए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे पत्र में पटोले ने कहा कि कपास उत्पादन के मामले में महाराष्ट्र देश में दूसरे स्थान पर है। महाराष्ट्र के 40 लाख से अधिक किसान कपास की खेती करते हैं। उन्होंने कहा, राज्य में पर्याप्त कपास उत्पादन के बावजूद 22 लाख गांठ कपास के आयात की खबरें हैं। इससे घरेलू स्तर पर कपास की कीमतों में भारी गिरावट की संभावना है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के पास भी कपास का बड़ा स्टॉक है। पटोले ने कहा कि किसानों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए केंद्र को कपास के आयात पर तत्काल प्रतिबंध लगाना चाहिए और सीसीआई को गारंटी वाले मूल्य पर कपास खरीदने का निर्देश देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा कपास की कीमत 6,500 से 6,600 रुपए प्रति क्विंटल के बीच है, जो 7,122 रुपए के न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि बाजार में कम कीमत के कारण किसान अपनी कपास बेचने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कपास का स्टॉक किसानों के साथ-साथ सीसीआई के पास भी है। पटोले ने कहा कि जब देश में पहले से ही इतना बड़ा स्टॉक है, तब कपास का आयात करने से कपास बाजार ध्वस्त हो जाएगा, जिससे किसानों पर काफी असर पड़ेगा और केवल व्यापारियों को फायदा होगा।

# संवत 2081 में सोना 15-18 प्रतिशत प्रतिफल देने को तैयार : विश्लेषक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सकारात्मक आर्थिक कारकों और सुरक्षित निवेश की मांग के चलते संवत 2081 में सोना 15-18 प्रतिशत का प्रतिफल दे सकता है। विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताया। दिवाली के दिन शुरू हुआ संवत 2081 हिंदू कैलेंडर में एक नए वित्त वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है और इसलिए भारतीय निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण है।

विश्लेषकों ने कहा कि सोने और चांदी का प्रदर्शन पिछले संवत 2080 में मजबूत रहा है और संवत 2081 के लिए धारणा सकारात्मक बनी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक कारकों में बदलाव की स्थिति में निवेशकों को मामूली लाभ भी मिल सकता है। एलकेपी सिक्योरिटीज में जिंस और मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष जतिन त्रिवेदी ने पीटीआई-भाषा को बताया, संवत 2081 में सोने के लिए संभावनाएं सकारात्मक बनी हुई हैं। हमें उम्मीद है कि कम से कम 10 प्रतिशत की तेजी तो रहेगी और अगर आयात शुल्क में कटौती से खरीदारी में तेजी जारी रहती है तो सोना 15-18 प्रतिशत तक महंगा हो सकता है।

सोने ने संवत 2080 में निफ्टी सहित कई परिसंपत्ति वर्गों से बेहतर प्रदर्शन किया है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज में जिंस और मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा कि केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीद और वैश्विक ब्याज दर नीतियों में बदलाव से सोने की कीमतों को समर्थन मिला। भू-राजनीतिक जोखिमों और भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाओं के बीच दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने सोने की खरीदारी की, जिसके चलते पिछले साल इसकी कीमतों में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई।

# संविधान की रक्षा करना राष्ट्र की प्रमुख लड़ाई : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वायनाड (केरल)/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि आज देश में प्रमुख लड़ाई संविधान की रक्षा और संरक्षण के लिए है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान नफरत से नहीं, बल्कि विनम्रता और प्रेम से लिखा गया था। लोकसभा सदस्य ने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के लिए प्रचार के तहत यहां मनंतवडी में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''आज मुख्य लड़ाई देश के संविधान को बचाने के लिए है।''


वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए प्रियंका कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, ''संविधान नफरत या घृणा से नहीं लिखा गया। यह उन लोगों द्वारा लिखा गया जिन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, जिन्होंने पीड़ा झेली, जिन्होंने वर्षों जेल में बिताए और उन्होंने संविधान को विनम्रता, प्रेम तथा स्नेह से लिखा।'' उन्होंने कहा कि यह प्रेम और नफरत के बीच की लड़ाई है।

गांधी ने कहा, ''आत्मविश्वास और असुरक्षा के बीच की लड़ाई। और अगर आप वास्तव में इस लड़ाई को जीतना चाहते हैं, तो आपको अपने दिल से गुस्सा, अपने दिल से नफरत को हटाकर और इसकी जगह प्रेम, विनम्रता और करुणा को लाकर मदद करनी चाहिए।'' उन्होंने अपनी बहन की खूबियों का जिक्र किया और अपने बचपन की पुरानी यादें साझा कीं।

राहुल गांधी ने पुरानी बातों को याद करते हुए कहा, ''वह (प्रियंका गांधी) वही इंसान है जिसने मेरे पिता (राजीव गांधी) की हत्या में शामिल लड़की को गले लगाया। नलिनी से मिलने के बाद वापस आने पर उसने मुझसे कहा कि वह भावुक हो गई और फिर उसने मुझसे कहा कि मुझे उसके लिए बुरा लग रहा है।'' उन्होंने कहा, ''उसने यही सीखा है। और मेरे हिसाब से, इसी तरह की राजनीति भारत में की जानी चाहिए। नफरत की राजनीति नहीं, बल्कि प्यार और स्नेह की राजनीति की जानी चाहिए।'' प्रियंका ने अपने प्रचार अभियान के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ अपना हमला जारी रखा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने व्यापारिक मित्रों के लिए सबकुछ किया है। उन्होंने आरोप लगाया, ''मोदी जी की सरकार केवल अपने बड़े कारोबारी मित्रों के लिए काम करती है। उनका मकसद आपको बेहतर जीवन देना नहीं है। यह आपके शिक्षित युवाओं के लिए नयी नौकरियों के अवसर देने के लिए नहीं है। यह बेहतर स्वास्थ्य या शिक्षा प्रदान करने के लिए भी नहीं है।'' प्रियंका ने रविवार को अपने भाई के साथ निर्वाचन क्षेत्र में जनसभा और नुक्कड़ सभाएं कीं।

पार्टी की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, अपनी चुनावी पारी की शुरुआत कर रहीं कांग्रेस महासचिव सात नवंबर तक केरल में रहेंगी।

# तकनीकी खर्च में मंदी नहीं, एआई कोपायलट को लेकर बहुत चर्चा : माइक्रोसॉफ्ट इंडिया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** माइक्रोसॉफ्ट के भारत और दक्षिण एशिया अध्यक्ष पुनीत चंडोक ने कहा कि उन्हें भारत में प्रौद्योगिकी खर्च में कोई मंदी नहीं दिख रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई के इर्दगिर्द काफी गतिविधियां हो रही हैं और माइक्रोसॉफ्ट के एआई टूल कोपायलट को लेकर बहुत चर्चा है। उन्होंने कहा कि कोपायलट के उपयोग मामलों में वृद्धि के साथ एआई सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में शामिल है।

चंडोक ने पीटीआई-भाषा को एक साक्षात्कार में बताया कि एआई के बारे में आम धारणा संदेह से उम्मीद में बदल गई है। कंपनी लगातार उन क्षेत्रों पर नजर रख रही है, जहां उसे निवेश करने की जरूरत है। उन्होंने भारत को माइक्रोसॉफ्ट के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि भारत में प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए बहुत से अवसर हैं।

चंडोक ने इस बात पर जोर दिया कि माइक्रोसॉफ्ट सभी विनियामक आवश्यकताओं और नए विकसित ढांचों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोपायलट एआई का पर्याय बन गया है और वह भारत में इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने बालिका आश्रम की प्रत्येक बालिका को 25 हजार रुपए देने की घोषणा की



**शिमला/भाषा।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में बालिका आश्रम का दौरा किया और आश्रम में रहने वाली प्रत्येक बालिका को दिवाली के उपहार के तौर पर 25,000 रुपए देने की घोषणा की। बयान में कहा गया कि दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अनाथ बच्चों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है और उनके कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी अनाथ बच्चे राज्य के बच्चे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये बच्चे सरकार की जिम्मेदारी हैं और इनकी शिक्षा व अन्य आवश्यक खर्च सरकार वहन करेगी। सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने अनाथ बच्चों के कल्याण व अधिकारों की रक्षा के लिए विशेष रूप से कानून बनाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ये कानून सुनिश्चित करते हैं कि सभी अनाथ बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार व्यापक सहायता मिले, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य आवश्यकताएं शामिल हैं, जिनसे उन्हें बेहतर भविष्य बनाने में मदद मिलेगी।

# चंद्रबाबू नायडू वक्फ संशोधन विधेयक को पारित होने से रोकेंगे : तेदेपा नेता



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में अहम सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) की आंध्र प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष नवाब जान ने कहा कि सबको मिलकर वक्फ संशोधन विधेयक को पारित होने से रोकना चाहिए। नवाब जान ने यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से आयोजित 'संविधान बचाओ सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ऐसे इंसान हैं, जो मुसलमानों के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी विधेयक को पारित नहीं होने देंगे। तेदेपा नेता ने दावा किया कि वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी के पास भेजना भी नायडू की वजह से मुमकिन हुआ और उन्होंने फिलहाल इस विधेयक को पारित होने से रुकवा दिया है।

# पोर्श कार हादसा : हैदराबाद में स्टैंड-अप कॉमेडियन लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** पोर्श कार हादसे के सिलसिले में 33 वर्षीय स्टैंड-अप कॉमेडियन उत्सव दीक्षित को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि दीक्षित की पोर्श कार एक नवंबर को सुबह लगभग 5.45 बजे हैदराबाद के केबीआर पार्क की चारदीवारी से टकरा गई थी, जिससे पार्क की दीवार, ग्रिल और फुटपाथ को गंभीर नुकसान पहुंचा था। पुलिस के मुताबिक, टक्कर से कार के अगले हिस्से एवं पहियों को काफी नुकसान पहुंचा था और दीक्षित घटनास्थल पर वाहन छोड़कर फरार हो गए थे। उन्हें बाद में हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच से पता चला है कि दीक्षित लापरवाही से कार चला रहे थे, जिससे वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठे और पार्क की चारदीवारी में टक्कर मार दी। उसने बताया कि सबूतों की जांच के बाद दीक्षित को कानूनी प्रावधानों के तहत चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि हादसे के समय वह शराब या अन्य मादक पदार्थ के नशे में तो नहीं थे। पुलिस के मुताबिक, बंजारा हिल्स पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), मोटर वाहन अधिनियम और संपत्ति को नुकसान की रोकथाम (पीडीपीपी) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह घटना तब सामने आई, जब एक नागरिक ने 'डायल 100' पर कॉल किया। इसके बाद इलाके में गश्त कर रही पुलिस मौके पर पहुंची और देखा कि कार केबीआर पार्क के चारदीवारी से टकरा गई थी, जिससे उसकी दीवारों, ग्रिल व फुटपॉथ को नुकसान पहुंचा था। कार पर कोई नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी, लेकिन बाद में तलाशी लेने पर वाहन के अंदर एक टूटी हुई नंबर प्लेट मिली।

# श्रीनगर में आतंकवाद रोधी अभियान में बिस्कुटों की रही अहम भूमिका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर में एक सफल आतंकवाद रोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने एक शीर्ष आतंकी कमांडर को ढेर कर दिया। उसे ठिकाने लगाने में रणनीतिक योजना के साथ ही बिस्कुटों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

वरिष्ठ अधिकारियों ने पाकिस्तान आधारित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर उस्मान के खिलाफ अभियान के दौरान आवारा कुत्तों की ओर से उत्पन्न चुनौती को कम करने में बिस्कुटों के महत्व पर प्रकाश डाला। उस्मान शनिवार को श्रीनगर के घनी आबादी वाले खानयार इलाके में दिन भर चली मुठभेड़ में मारा गया। यह दो साल से अधिक समय में जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी में पहली महत्वपूर्ण मुठभेड़ थी। पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त प्रयासों से आतंकवाद रोधी यह अभियान सफल रहा। अधिकारियों ने बताया कि घाटी के इलाके से अच्छी तरह वाकिफ उस्मान 2000 के दशक की शुरुआत में अपनी प्रारंभिक आतंकी गतिविधि के बाद से ही कई हमलों को अंजाम देने के लिए कुख्यात था। पाकिस्तान में कुछ समय बिताने के बाद उसने 2016-17 के आसपास वापस इस क्षेत्र में घुसपैठ की। वह पिछले साल पुलिस उपनिरीक्षक मसरूर वानी की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना में भी शामिल था। जब खुफिया जानकारी में आवासीय क्षेत्र में उस्मान की उपस्थिति का संकेत मिला तो बिना किसी क्षति के अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए नौ घंटे की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई। एक महत्वपूर्ण चिंता आवारा कुत्तों की उपस्थिति थी, जिनके भौंकने से आतंकवादी संभावित रूप से सतर्क हो सकता था। इसका मुकाबला करने के लिए खोजी टीमों को बिस्कुट दिए गए। जब ये टीम अपने लक्ष्य की ओर बढ़ीं तो उन्होंने आवारा कुत्तों को शांत करने के लिए उन्हें बिस्कुट खिलाए।

## वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण

# बोम्मई का सिद्दरामय्या से एसआईटी या सीबीआई जांच का आदेश देने का आग्रह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद बसवराज बोम्मई ने रविवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या से आग्रह किया कि वह अनवर मणिपड्डी रिपोर्ट के आधार पर वक्फ संपत्तियों के अतिक्रमण पर कार्रवाई करने के लिए तत्काल एसआईटी या सीबीआई जांच का आदेश दें। कर्नाटक राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के रूप में मणिपड्डी ने रिपोर्ट तैयार की थी और मार्च 2012 में सरकार को सौंपी थी, जब भाजपा सत्ता में थी। बाद में इसे विधानसभा में पेश किया गया। रिपोर्ट में कथित तौर पर कांग्रेस के कई प्रदेश और राष्ट्रीय नेताओं के नाम थे।

बोम्मई ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''वक्फ संपत्तियों के अतिक्रमण पर अनवर मणिपड्डी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने के लिए मैं मुख्यमंत्री से तुरंत एसआईटी (विशेष जांच दल) या सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) जांच का आदेश देने का आग्रह करता हूं।''

इससे पहले, दिन में हुब्बल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बोम्मई ने स्पष्ट किया कि उन्होंने वक्फ बोर्ड को अनवर मणिपड्डी रिपोर्ट के अनुसार केवल कांग्रेस नेताओं द्वारा अतिक्रमण की गई वक्फ संपत्तियों को वापस लेने के लिए कहा था, न कि किसानों की संपत्तियों को वापस लेने के लिए। उन्होंने आरोप



लगाया कि आवास, अल्पसंख्यक कल्याण और वक्फ मंत्री जमीर अहमद खान ने उनका एक पुराना वीडियो जारी किया है और दुष्प्रचार कर रहे हैं कि उन्होंने वक्फ बोर्ड को किसानों की जमीन वापस लेने के लिए कहा है।

बोम्मई ने कहा, ''मैंने वक्फ के एक कार्यक्रम में बात की थी। मैंने वक्फ बोर्ड की कोई बैठक नहीं की। मैंने तब जो उल्लेख किया था, वह अनवर मणिपड्डी समिति द्वारा दी गई रिपोर्ट पर आधारित था। इसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि किन प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने धोखाधड़ी से वक्फ संपत्तियों पर कब्जा किया है। हमने (भाजपा सरकार) किसानों को कोई नोटिस जारी नहीं किया, न ही हमने किसी किसान की जमीन जब्त की।'' उन्होंने जमीर अहमद खान से आग्रह किया कि वे किसानों को नोटिस जारी करने से पहले कांग्रेस नेताओं द्वारा अतिक्रमण की गई वक्फ संपत्तियों को वापस लें।

बोम्मई ने सिद्दरामय्या की भी आलोचना की और किसानों को जारी नोटिस वापस लेने के निर्देश देने के उनके कदम को जनता का समर्थन हासिल करने की राजनीतिक चाल करार दिया। उन्होंने कहा, ''क्या गारंटी है कि चुनाव के बाद नोटिस फिर से जारी नहीं किए जाएंगे? यदि मुख्यमंत्री वास्तव में किसानों के कल्याण की परवाह करते हैं और उनकी जमीनों की रक्षा करना चाहते हैं, तो सरकार को वक्फ संपत्तियों से संबंधित राजपत्र अधिसूचनाओं को रद्द कर देना चाहिए। किसानों को कोई नोटिस जारी नहीं किया जाना चाहिए।''

सिद्दरामय्या ने शनिवार को अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे किसानों को वक्फ भूमि से जुड़े मुद्दों के संबंध में भेजे गए सभी नोटिस तुरंत वापस लें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। यह निर्देश राजस्व विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और वक्फ बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद दिया गया।

# कई भाजपा राज्य हमारे मॉडल की नकल कर रहे, पूरा देश हमारे मॉडल को देख रहा : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनके 'अवास्तविक वादों' की आलोचना का जवाब दिया। उन्होंने कहा, हमारी गारंटी देश में सुधार ला रही है। पूरा देश हमारे मॉडल को देख रहा है। कई भाजपा राज्य हमारे मॉडल की नकल कर रहे हैं।

मंगलूरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावों के लिए जो चाहें कह सकते हैं। उनके आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। हमारी गारंटी योजनाएं लोगों को भोजन दे रही हैं, जीवन को संवार रही हैं और देश की प्रगति को गति दे रही हैं। शिवकुमार ने स्पष्ट किया, बड़ी कंपनियों में काम करने वाली महिलाओं ने कहा है कि उन्हें शक्ति योजना की जरूरत नहीं है। उन्हें परिवहन भत्ता मिलता है। मैंने मंत्रियों के साथ इस पर चर्चा करने का जिक्र किया है, लेकिन हमारी किसी भी गारंटी योजना को वापस लेने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

उन्होंने कहा, हमने मंगलूरु में इस योजना की घोषणा की थी और इसे रोका नहीं जाएगा। यह योजना अगले पांच साल तक जारी रहेगी। कांग्रेस सरकार की पहल, जैसे वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, भूमिहीनों के लिए भूमि, गरीबों के लिए भूमि और घर, अभी भी प्रभावी हैं।

शिवकुमार ने कहा, हमने इनमें से किसी को भी वापस नहीं लिया है। यहां तक कि जब भाजपा सत्ता में थी, तब भी वे हमारे कार्यक्रमों को रोक नहीं पाए। हमारे कार्यक्रम जीवन-निर्माण की पहल हैं। जबकि भाजपा केवल भावनाओं के आधार पर राजनीति करती है।

पत्रकारों ने शिवकुमार से भाजपा नेताओं की ओर से उनकी गारंटी योजनाओं पर सवाल उठाए जाने के बारे में पूछा। इसके जवाब में उन्होंने कहा, भाजपा ने हमारी गारंटी योजनाओं की नकल की है। उन्होंने मध्य प्रदेश और हरियाणा में भी ऐसी ही योजनाओं की घोषणा की और अब वे महाराष्ट्र में भी ऐसा ही कर रहे हैं। वे हमारी योजनाओं की नकल करने के लिए शर्मिंदा हैं और इसलिए वे हमारी आलोचना कर रहे हैं। जब उनसे इस दावे के बारे में पूछा गया कि गारंटी योजनाएं टिकाऊ नहीं हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, किसने कहा कि उन्हें टिकाऊ नहीं बनाया जा सकता? हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था देश की अर्थव्यवस्था से ज्यादा मजबूत है।



# कन्नड़ फिल्म निर्माता गुरुप्रसाद फ्लैट में पंखे से लटके मिले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कन्नड़ फिल्म निर्देशक गुरुप्रसाद का शव रविवार को शहर के बाहरी इलाके में एक आवासीय परिसर में पंखे से लटका मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस को अशंका है कि उन्होंने आत्महत्या की है। घटना मदनायकनहल्ली थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस अधीक्षक (बेंगलूरु ग्रामीण) सीके बाबा ने कहा, बताया जाता है कि फिल्म निर्माता गुरुप्रसाद किसी बात को लेकर, अपनी फिल्म को लेकर या किसी अन्य मुद्दे को लेकर परेशान थे। हमने सुना है कि वह आर्थिक तनाव से जूझ रहे थे... पांच-छह दिन पहले पड़ोसियों ने उन्हें इस घर में आते देखा था। उसके बाद से वह बाहर नहीं निकले थे। ऐसा प्रतीत होता है कि पांच-छह दिन पहले उन्होंने फांसी लगाई जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, शव क्षत-विक्षत अवस्था में फ्लैट में पंखे से लटका मिला और घर से दुर्गंध आने के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचित किया। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। गुरुप्रसाद को माता, येदेलु मंजूनाथ सहित अन्य फिल्मों के लिए जाना जाता था।

# वक्फ संपत्तियों मामले में किसानों को जारी नोटिस वापस लिए जाएं : सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने शनिवार को अधिकारियों को वक्फ भूमि के संबंध में किसानों को भेजे गये सभी नोटिस तत्काल वापस लेने का निर्देश दिया। राजस्व विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और कर्नाटक वक्फ बोर्ड के अधिकारियों के साथ हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह निर्णय किया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने वक्फ भूमि के बारे में भेजे गये सभी नोटिस तत्काल वापस लेने का सख्त निर्देश जारी किया है और यह सुनिश्चित करने को कहा है कि किसानों को कोई दिक्कत नहीं हो।

बयान के अनुसार सिद्दरामय्या ने कुछ अधिकारियों के हाल के कृत्य पर असंतोष जताया और इस बात पर चिंता व्यक्त की कि जनता दल (एस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कथित तौर पर राजनीतिक लाभ के लिए वक्फ मुद्दे का इस्तेमाल कर सकती हैं जिससे राज्य में शांति भंग होने की आशंका है। बयान में कहा गया है, सिद्दरामय्या ने लोगों से दुष्प्रचार की अनदेखी करने की अपील की और अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ इस मामले को संभालने का निर्देश दिया। बयान में इस बात पर भी जोर दिया गया कि वक्फ संपत्तियों से जुड़े भूमि अभिलेखों के



बारे में किसानों को जारी किए गए सभी नोटिस तुरंत वापस लिए जाएं। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे किसानों को उनके कब्जे वाली जमीन को लेकर परेशान न करें।

मुख्यमंत्री ने यह भी आदेश दिया कि बिना किसी पूर्व सूचना या कानूनी प्रक्रिया के भूमि अभिलेखों (पहानी या आरटीसी) में किए गए किसी भी अनधिकृत बदलाव को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। इस बैठक में कर्नाटक के कानून एवं संसदीय कार्यमंत्री एच के पाटिल, राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा और वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान ने विजयपुरा में लोगों को फिर आश्वासन दिया कि वक्फ अधिनियम के तहत जारी सभी नोटिस वापस ले लिए जाएंगे, जैसा कि उन्होंने शुक्रवार को उनसे कहा था।

इससे पहले कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा था कि सभी जिला उपायुक्तों को वक्फ कानून के तहत किसानों को नोटिस नहीं देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि भूराजस्व रिकॉर्ड को अंतिम माना जाएगा और प्रशासनिक कार्रवाई उनके अनुरूप होगी। परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों को ऐसे किसी नोटिस या पत्र को वापस लेने का निर्देश दिया है। अब यह मामला सुलझ गया है, लेकिन हम भविष्य के संभावित घटनाक्रम को लेकर आश्वस्त नहीं हैं।

भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने आरोप लगाया कि वक्फ से संबंधित मुद्दे वक्फ अदालतों की शुरुआत के बाद उठने लगे। उनके अनुसार वक्फ अदालत की कानूनी वैधता नहीं है। भाजपा की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के अध्यक्ष सूर्या ने कहा, ''समस्या तब शुरू हुई जब अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बी जेड ज़मीर अहमद खान ने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के निर्देश पर वक्फ अदालतें आयोजित करना शुरू कर दिया।''

सूर्या ने दावा किया कि जिला पंचायत के सीईओ ने अपने अधीनस्थों को एक पत्र जारी कर कहा, ये कदम मुख्यमंत्री और वक्फ मंत्री के निर्देश पर उठाए गए हैं। उन्होंने वक्फ अदालतों के उद्गम और वैधता पर सवाल उठाते हुए पूछा, ''किस कानून के तहत और भारतीय संविधान के किस प्रावधान के आधार पर किसानों को और 12वीं सदी के समाज सुधारक बसवेश्वर से संबंधित संपत्तियों को ये नोटिस जारी किए गए?''

# केनरा बैंक का दूसरी छमाही में 6,000 करोड़ के डूबे 'कर्ज' की वसूली का लक्ष्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में करीब 6,000 करोड़ रुपये के डूबे 'कर्ज' की वसूली का लक्ष्य रखा है। केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के सत्यनारायण राजू ने कहा, ''हमें तीसरी तिमाही में लगभग 3,000 करोड़ रुपये और चौथी तिमाही में भी इतनी ही राशि की वसूली की उम्मीद है।'' बैंक ने दूसरी तिमाही में 2,905 करोड़ रुपये की वसूली की है, जिसमें बट्टे खाते में डाले गए खातों से वसूली भी शामिल है।

केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह इस वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में आ सकता है। केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) के आईपीओ के लिए वित्त मंत्रालय से मंजूरी जल्द मिलने की उम्मीद है। बैंक के पास इस म्यूचुअल फंड कंपनी में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

इसकी आईपीओ के माध्यम से 13 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना है। पिछले दिसंबर में केनरा बैंक ने आरंभिक शेयर बिक्री द्वारा अपनी म्यूचुअल फंड अनुषंगी कंपनी को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। सूचीबद्ध होने पर यह शेयर बाजार में शामिल होने वाली पांचवीं म्यूचुअल फंड कंपनी हो जाएगी। इससे पहले एचडीएफसी एएमसी, निप्पॉन लाइफ इंडिया एएमसी, यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी और आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हैं। बुनियादी ढांचा बॉन्ड के बारे में राजू ने कहा कि बैंक ने जुलाई में पहले ही 10,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं और वह इसे लगाने की प्रक्रिया में है। चालू वित्त वर्ष के दौरान बैंक द्वारा दीर्घकालिक अवसंरचना बॉन्ड के माध्यम से और अधिक धन जुटाने की संभावना नहीं है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में केनरा बैंक का शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 4,015 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 3,606 करोड़ रुपये था। तिमाही के दौरान बेंगलूरु मुख्यालय वाले बैंक की कुल आय 31,472 करोड़ रुपये से बढ़कर 34,721 करोड़ रुपये हो गई है।

# पुत्तूर में पेड़ गिरने से स्कूटर सवार की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के पुत्तूर इलाके में शनिवार को सड़क पर एक पेड़ गिरने से स्कूटर सवार की मौत हो गई। यह हादसा पंज-कडबा रोड पर कडबा के पास पुलिकुक्कू में हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान सीताराम गौड़ा (58) के रूप में हुई है।

वह एडमंगला सहकारी बैंक में काम करते थे। वह एडमंगला गांव के देवय्या सुब्बाना गौड़ा के बेटे थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी, बेटा और बेटी हैं। यह हादसा तब हुआ जब सीताराम गौड़ा दीपावली त्योहार के दौरान कुछ खरीददारी के बाद घर लौट रहे थे।

स्थानीय लोगों ने गुस्सा व्यक्त करते हुए कहा कि कडबा और आसपास के नेट्टाना में सड़कों पर पेड़ गिरने की घटनाएं आम हो गई हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि लैटेक्स निकालने के कारण कमजोर हुए पेड़ों को लोगों पर गिरने के लिए छोड़ दिया जाता है। गांववालों ने आरोप लगाया कि मीडिया में बार-बार चेतावनी के बावजूद वन विभाग ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है जिसके कारण यह हादसा हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अमेजन के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में दो ठग गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। कर्नाटक में अमेजन समेत अनेक ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले दो ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मंगलूरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने मामले की जानकारी देते हुए शनिवार को बताया कि इस सिलसिले में मंगलूरु के उर्वा पुलिस थाने में दो युवकों के खिलाफ अमेजन एवं अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये राज कुमार मीणा (23) और सुभाष गुर्जर (27) ने अमेजन पर फर्जी पहचान का इस्तेमाल करके 11,45,000 रुपये का सामान मंगवाया था। उन्होंने अमेजन के सामान डिलिवरी एजेंट से सोनी कंपनी के दो महंगे कैमरे और 10 अन्य सामान फर्जी पता एवं फोन नंबर देकर अमित के नाम पर मंगलूरु के केएसआरटीसी बस स्टैंड के निकट एक पते पर मंगवाया था। पुलिस ने बताया कि दोनों ठगों ने यह ऑर्डर ऑनलाइन 21 सितंबर 2024 को शाम चार बजे दिया था। पुलिस ने बताया कि दोनों ठग आरोपियों ने योजना के तहत आर्डर में एक फर्जी पता और मोबाइल नंबर दिया था। उन्होंने डिलीवरी अमित नाम से लेने की तैयारी की थी।

उन्होंने बताया कि जब सामान दोनों ठगों को देने के लिए अमेजन का डिलिवरी एजेंट पहुंचा तो राज कुमार मीणा ने सामान लिया और जानबूझ कर गलत डिलीवरी ओटीपी दे दिया जिससे एजेंट डिलिवरी कन्फर्मेशन में लगा रहा जबकि दूसरी ओर सुभाष गुर्जर ने डिलीवरी कर्मचारी का ध्यान भटकाये रखा। पुलिस ने बताया कि डिलिवरी एजेंट का ध्यान भटका कर आरोपियों ने महंगे सोनी के कैमरा के बॉक्स पर लगे असली स्टिकर को अन्य सामान के स्टिकर से बदल दिया। फिर राज कुमार ने एक बार फिर गलत ओटीपी देकर डिलीवरी की पुष्टि में देरी की।

अमेजन के परेशान डिलीवरी कर्मचारी को उन्होंने बताया कि उन्होंने डिलिवरी के लिए आये 12 सामानों में से 11 सामान ले लिये हैं और अगले दिन वह कैमरे की डिलिवरी भी ले लेंगे। ऐसा बहाना करके दोनों ठगों ने अमेजॅन के एजेंट को कैमरे के कथित डिब्बे के साथ वापस भेज दिया। जब डिलीवरी पार्टनर महिंद्रा लॉजिस्टिक्स ने बॉक्स की जांच की तो उन्हें स्टिकर बदलने का पता चला और उन्होंने इसकी सूचना अमेजन को दे दी। जांच में पता चला कि आरोपियों ने सोनी के महंगे असली कैमरे ले लिए थे और बॉक्स को अन्य छोटे सामान के स्टिकर से बदल दिया था।

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी राजस्थान के रहने वाले हैं और उन पर भारत के विभिन्न राज्यों में इस तरह की अनेक धोखाधड़ी करने का संदेह है।

# 'सामाजिक तनाव के चलते दक्षिण कन्नड़ बंजर भूमि बनता जा रहा है'

मंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने दक्षिण कन्नड़ जिले में समाज के विभिन्न समुदायों के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता जताते हुए कहा है कि इसके चलते यह जिला एक बंजर भूमि बनता जा रहा है। शनिवार को मंगलूरु से 40 किलोमीटर दूर पुत्तूर के कुम्बेट्टू में विधायक अशोक राय के राय एस्टेट्स और एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित अशोक जन-मन साड़ी वितरण कार्यक्रम में शिवकुमार ने यह बात कही और जोर दिया कि समुदायों के बीच शांति बहाली के लिए रोजगार सृजन बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा, दक्षिण कन्नड़ जिला एक बंजर भूमि बनता जा रहा है, सामाजिक तनाव और अन्य मुद्दों के कारण शैक्षणिक संस्थान अब बाहरी छात्रों को आकर्षित नहीं कर पा रहे हैं। कई स्थानीय बैंक बंद हो गए हैं, जिसके कारण हमारे युवाओं को सऊदी अरब, मुंबई और बेंगलूरु में रोजगार की तलाश करनी पड़ रही है। शिवकुमार ने स्थानीय नेताओं से रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा, यह क्षेत्र कई मंदिरों का घर है और सुंदर समुद्री तट के लिए जाना जाता है, जो इसे एक अलग पर्यटन नीति के लिए आदर्श जगह बनाता है। इतना ही नहीं मंगलूरु में सबसे बड़ा बंदरगाह होने के बावजूद यहां अच्छी सुविधाओं वाले पांच सितारा होटल नहीं हैं।

# राहुल गांधी ने प्रचार रैली में मोदी की आलोचना करने से किया परहेज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वायनाड/दक्षिण भारत । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य की आलोचना करने से परहेज किया, लेकिन परिवार और अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के बारे में अधिक बात की, जो वायनाड लोकसभा उपचुनाव में पार्टी की उम्मीदवार हैं। राहुल गांधी ने वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान के तहत यहां अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ एक संयुक्त रैली की। उन्होंने रैली के दौरान कहा कि प्रियंका अपने भाषण के दौरान पहले ही प्रधानमंत्री मोदी के बारे में बोल चुकी हैं। उन्होंने कहा, और वैसे भी, उन्होंने (प्रियंका गांधी) पहले ही श्री मोदी का जिक्र कर दिया है और हम सभी उनसे ऊब चुके हैं...फिर उनका दो बार जिक्र क्यों करना।

प्रियंका गांधी ने इससे पहले अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी पर लोगों की भलाई के बजाय बड़े व्यापारिक हितों को तरजीह देने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा, इस रैली में मेरे सामने दो विकल्प हैं, या तो मैं कोई राजनीतिक संदेश दूं या फिर अपने परिवार के सदस्यों से बात करूं। मैं आपसे वैसे ही बात करना चाहूंगा, जैसे मैं अपने परिवार से करता हूं। मैं उम्मीदवार के बारे में अधिक भाषण देना चाहूंगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, मेरी बहन हमेशा से ही प्रचार करती रही है। वह कभी चुनाव नहीं लड़ी। इससे आपको उसके चरित्र के बारे में कुछ पता चल जाएगा।

उन्होंने बचपन की अपनी पुरानी यादों को साझा किया जब दोनों (राहुल और प्रियंका) ने अपने पिता (दिवंगत राजीव गांधी) द्वारा उपहार में दिए गए कैमरों का उपयोग करके सर्वश्रेष्ठ तस्वीर खींचने को लेकर एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा की थी। राहुल गांधी ने कहा, मुझे अभी भी याद नहीं है कि प्रतियोगिता किसने जीती थी.. ठीक है.. वह (प्रियंका) अब कह रही है कि मैं जीता। उन्होंने कहा कि प्रियंका ने तस्वीरें लेने वाली छोटी लड़की से लेकर एक लंबी दूरी तय की है।


राहुल गांधी ने कहा, वह समझती हैं कि खूबसूरती यह है कि हर किसी के पास लाखों-करोड़ों गुण होते हैं, हर एक व्यक्ति अनूठा होता है, हर चीज अनूठी होती है – किसी को कमजोरी दिखाई दे सकती है, वह ताकत देखेगी – ये मेरी बहन है।

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि प्रियंका उनसे ज्यादा भूमिकाएं निभा सकती हैं। वायनाड लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव इसलिए जरूरी हो गया, क्योंकि यहां से और रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव जीतने वाले राहुल गांधी ने वायनाड सीट छोड़ने का फैसला किया। वायनाड में 13 नवंबर को मतदान होगा।

# केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी पर त्रिशूरपुरम उत्सव के दिन एम्बुलेंस का 'दुरुपयोग' करने का मामला दर्ज

त्रिशूर। इस साल अप्रैल में त्रिशूर पूरम उत्सव के दौरान एम्बुलेंस का 'दुरुपयोग' करने के आरोप में केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी और दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। त्रिशूर पूर्व पुलिस ने रविवार को इस संबंध में केंद्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस एवं पर्यटन राज्य मंत्री गोपी, अभिजीत नायर और एक एम्बुलेंस चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 279 और 34 (सामान्य इरादे को आगे बढ़ाने में कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कार्य) तथा मोटर वाहन अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह मामला स्थानीय भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) नेता के पी सुमेश की शिकायत के बाद दर्ज किया गया। शिकायत में पुलिस प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए पूरम स्थल तक पहुंचने के लिए एम्बुलेंस का कथित तौर पर दुरुपयोग करने को लेकर गोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। प्राथमिकी के अनुसार, गोपी तथा अन्य आरोपियों ने चुनाव अभियान की रणनीति के तहत काम किया तथा पुलिस प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए तिरुवंबाडी देवस्वोम प्राधिकारियों से बातचीत करने के लिए सेवा भारती' के स्वामित्व वाली एम्बुलेंस में यात्रा की, जिसमें केवल मरीजों को ले जाने की अनुमति थी।

उत्सव




पुष्कर में रविवार को जयपुर के प्रतिष्ठित हवा महल की रेत की मूर्ति, ऊंटों की नक्काशी के साथ, पुष्कर मेले में प्रदर्शित की गई, जो रविवार को पुष्कर में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव मनाया जा रहा है।

# 'राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मिट' से तीव्र औद्योगिक विकास का मार्ग होगा प्रशस्त : पटेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को दुन्दाड़ा में दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित किया। पटेल ने कहा दीपावली का पर्व सम्पूर्ण देश में शांति,सौहार्द एवं प्रेम भाव के साथ मनाया गया। ईश्वर सभी प्रदेशवासियों को सुखसमृद्धि एवं आरोग्य प्रदान करें। प्रदेश सरकार विकसित एवं अग्रणी राजस्थान बनाने के लिए कृत संकल्पित

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के संवेदनशील एवं कुशल नेतृत्व में विकसित एवं अग्रणी राजस्थान बनाने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' से प्रदेश में बड़ी मात्रा में निवेश आयेगा। इस समिट से प्रदेश के तीव्र औद्योगिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा और साथ ही निजी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

पटेल ने कहा युवाओं के रोजगार के लिए प्रदेश सरकार ने रोडमैप तैयार कर इस वर्ष एक



लाख एवं आगामी 5 वर्षों में चार लाख सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने युवा हितों को ध्यान में रखकर प्रदेश पेपर लीक गिरोह पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से संपादित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही भी की जा रही है। उन्होंने कहा मार्च 2025 तक चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ के पदों पर लगभग 52000 कार्मिकों के नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा वर्षों से लंबित 'ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट' (ईआरसीपी) से और यमुना जल समझौते का कार्य पूर्ण हो चुका है। शीघ्र ही इन परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा जिससे क्रमशः पूर्वी राजस्थान को पेयजल एवं सिंचाई सुविधा और शेखावाटी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। साथ ही लिफ्ट केनाल के तृतीय फेज का कार्य पूर्ण होने पर जोधपुर,पाली एवं बाड़मेर जिले में पेयजल समस्या का स्थाई समाधान होगा।

पटेल ने कहा प्रदेश सरकार कृषि एवं किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाली 6000 रुपए को राज्य सरकार ने बढ़ाकर 8000 रुपये कर दिया है। पटेल ने कहा क्षेत्र के किसानों भाइयों को कृषि आदानअनुदान की राशि शीघ्र उनके खातों में जमा की जाएगी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मूंग एवं बाजरा की फसल के बीमा क्लेम के संबंध में जिला स्तरीय समिति में किसानों के पक्ष में फैसला हो चुका है और प्रकरण राज्य स्तरीय समिति के समक्ष लंबित है। राज्य स्तर पर किसानों के हित में निर्णय करवाकर बीमा क्लेम दिलाया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई, पूर्व राजस्व मंत्री अमराराम चौधरी, पूर्व विधायक सिवाना कान सिंह कोटड़ी, पूर्व विधायक भोपालगढ़ पुखराज गर्ग सहित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कुंभलगढ़ बनेगा राजस्थान का छठा टाइगर रिजर्व

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने अगस्त 2023 में कुंभलगढ़ को राजस्थान का छठा टाइगर रिजर्व बनाने के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी। इसके बाद, इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए दस सदस्यीय एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है। रिपोर्ट के अनुसार यह टाइगर रिजर्व पांच जिलों उदयपुर, राजसमंद, ब्यावर, पाली और सिरोही के हिस्सों में फैला हुआ होगा और इसका क्षेत्रफल कुल 1397 वर्ग किलोमीटर प्रस्तावित किया गया है।

कमेटी के चेयरमैन और मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), उदयपुर एसआर वेंकटेश्वर मूर्ति हैं। रिपोर्ट पर सामने आई कुछ जानकारी के अनुसार कुंभलगढ़ क्षेत्र टाइगर के लिए एक अनुकूल आवास है। कुंभलगढ़ के नीचे स्थित सादड़ी, देसूरी और रणकपुर जैसे घने जंगलों वाले क्षेत्रों



को इस रिजर्व का हिस्सा बनाया गया है। आरंभ में एनटीसीए के निर्देशानुसार इस क्षेत्र में 4 बाघ लाए जाएंगे, जिन्हें दो साल तक वन विभाग के ऑब्जर्वेशन में रखा जाएगा।

वन विभाग ने इस क्षेत्र में बाघों के आवास को बेहतर बनाने के लिए घास के मैदानों (ग्रासलैंड) पर कार्य शुरू किया है, जिससे चीतल और सांभर जैसे शाकाहारी जीव आसानी से आ सकें। कुंभलगढ़ सेंचुरी में शाकाहारी वन्यजीवों की बड़ी संख्या है, जिनमें 8,690 वन्यजीव दर्ज हैं। यहां के प्रमुख जीवों में चीतल, सांभर, नीलगाय, चिंकारा, चौसिंगा, जंगली सूअर, लंगूर, जंगली मुर्गी और मोर शामिल हैं। रावली और टॉडगढ़ क्षेत्रों में भी हजारों की संख्या में शाकाहारी वन्यजीव निवास करते हैं। कुंभलगढ़ टाइगर रिजर्व का निर्माण न केवल वन्यजीवों के संरक्षण बल्कि क्षेत्र में जैव विविधता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह परियोजना राज्य में वन्यजीव संरक्षण को नई दिशा देने के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा देगी। कुंभलगढ़ टाइगर रिजर्व के अंतर्गत राजसमंद जिले के कुंभलगढ़, रावली-टॉडगढ़, झीलवाड़ा, नाथद्वारा ब्लॉक का भाग, भीम क्षेत्र, ब्यावर जिले के रावली-टॉडगढ़ का कुछ हिस्सा, पाली जिले के बिजागुड़ा, बाली का कुछ भाग, देसूरी, सादड़ी क्षेत्र, उदयपुर जिले के सायरा और देवला का भाग तथा सिरोही जिले के पिंडवाड़ा क्षेत्र का कुछ भाग प्रस्तावित किया गया है।



# मुख्यमंत्री ने श्रीनाथ जी मंदिर में किए दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डीग के पूंछरी का लौठा पहुंचकर श्रीनाथजी मंदिर में विधि-विधान से गोवर्धन पूजा की। उन्होंने प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी और प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की।

गोवर्धन पूजा के दिवस पर मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह एवं प्रसन्नता देखने को मिली। शर्मा का सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में जगह-जगह पर आमजन ने माला पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री ने बड़ी आत्मीयता के साथ परिक्रमार्थियों से मुलाकात की, बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया तथा सभी को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान शर्मा ने सपत्नीक मुखारविंद का जल एवं दुग्धाभिषेक कर स्थानीय कार्यक्रम में भाग भी लिया। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक बहादुर सिंह कोली, शैलेश सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# कार के नदी में गिरने से दो युवकों की मौत

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में कार के नदी में गिरने से दो युवकों की मौत हो गई व एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। सदर थाने के उपनिरीक्षक रामलाल ने बताया कि हादसा शनिवार देर रात उदयपुर-बांसवाड़ा राज्य राजमार्ग पर चिड़िया वासा गांव के पास हुआ। उनके मुताबिक, तीन दोस्त बांसवाड़ा से साबला स्थित अपने घर जा रहे थे और रास्ते में उनकी कार अनियंत्रित होकर पुल से नीचे नदी में गिर गई। मृतकों की पहचान मयूर टेलर (29) और राजेश कलाल (30) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर सदर थानाधिकारी बुधराम बिश्नोई टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वह खुद पानी में उतरे और कार में सवार युवकों को बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि तीनों युवकों की सांसें चल रही थीं और उन्हें तुरंत एंबुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान मयूर और राजेश की मौत हो गई। ईशान को मामूली चोटें आई हैं और उसका इलाज किया जा रहा है।

## यूट्यूब देखकर ईसीजी करने के मामले की जांच शुरू

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के जोधपुर जिले में एक सरकारी अस्पताल में सहायक द्वारा कथित तौर पर यूट्यूब पर वीडियो देखकर मरीज का ईसीजी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वीडियो में मरीज के परिजन यह कहते हुए आपत्ति जताते नजर आ रहे हैं कि सहायक मरीज की जान से खिलवाड़ कर रहा है। वहीं, अस्पताल का कथित सहायक कहता है कि चिकित्साकर्मी नहीं है। वीडियो में सहायक यह कहते हुए सुनाई दे रहा है कि वह लैब टेक्नीशियन नहीं है। वह (टेक्नीशियन) दीवाली की छुट्टी पर घर गया हुआ है। सभी चीजें सही जगह पर लगाई गई हैं और जो भी काम करेगी मशीन करेगी। यह घटना हाल ही में पावटा स्थित सैटेलाइट अस्पताल में हुई, जिसका वीडियो शनिवार को सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य बी एस जोधा ने कहा कि मामले और वीडियो की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## बाघ के हमले में व्यक्ति की मौत

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में रणथंबोर राष्ट्रीय उद्यान के पास शनिवार को बाघ के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि भरत लाल उद्यान के निकट उलियाना गांव में बकरियां चरा रहा था कि तभी एक बाघ ने उस पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि हमले में लाल की की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि शिकार के बाद बाघ शव के पास बैठा रहा और ग्रामीणों के हंगामे के बाद जंगल में भाग गया। घटना के बाद आक्रोशित गांववालों ने सवाई माधोपुर-कुंडेरा मार्ग पर यातायात जाम कर दिया। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं।

## युवती को सम्मोहित कर गहने लूटने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के जयपुर में एक युवती को सम्मोहित कर गहने लूटने के मामले में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी जसवीर उर्फ सोनू (34) और डिंपल सिंह (30) को गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से लूटी गई सोने की चेन बरामद भी कर ली गई। पुलिस के मुताबिक, 24 अक्टूबर को आरोपी जयपुर के समृद्धि अपार्टमेंट में चंदा लेने के बहाने घुसे और युवती को सम्मोहित कर उससे सोने की चेन व अंगूठी लेकर फरार हो गए। पुलिस उपायुक्त दिगंत आनंद ने बताया कि पुलिस ने वीडियो फुटेज व अन्य सबूतों के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## मावा कारखाने में विस्फोट से दो मजदूरों की मौत

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में एक कारखाने में विस्फोट से दो श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। आसींद के थानाधिकारी हंसपाल सिंह ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार रात को करजालिया पंचायत के नारायणपुर गांव में मावा फैक्ट्री में हुआ जहां बॉयलर फटने से दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान महादेव गुर्जर (35) और राधेश्याम गुर्जर (25) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दुर्घटना किस कारण से हुई। उन्होंने बताया कि कारखाने में काम करने वाले अन्य मजदूर दिवाली के कारण छुट्टी पर थे। महादेव और राधेश्याम दोनों काम कर रहे थे।

## खेत पर मशीन में फंसने से युवक के हुए टुकड़े

जयपुर/दक्षिण भारत। राजसमंद के केलवा थाना क्षेत्र में जेतपुरा गांव में एक खेत पर एक घटना हुई। खेत की जुताई के समय रोटावेटर मशीन में उलझने से मशीन चालक की मौत हो गई। मशीन में फंसने से उसके शरीर के कई टुकड़े हो गए। मशीन को खोलकर शरीर के टुकड़े निकाले। केलवा थाना प्रभारी ओम सिंह चुंडावत ने बताया कि जेतपुरा पंचायत के सेंगनवास निवासी नारायण गुर्जर ट्रेक्टर चालक है। जेतपुरा गांव में कितेला तालाब के पास मांगीलाल गुर्जर के खेत पर जुताई के लिए ट्रेक्टर मय रोटावेटर मशीन लेकर नारायण गुर्जर पहुंचा था। खेत की हकाई की जा रही थी, तभी मशीन में घास फंस गई, जिसे निकालने के लिए नारायण गुर्जर ट्रेक्टर से नीचे उतरा और मशीन के पास गया, तभी मशीन चालू होने से वह मशीन में घुस गया। हादसा होता देख खेत मालिक मांगीलाल गुर्जर व किशनसिंह वहां पहुंचे, लेकिन तब तक नारायण गुर्जर मशीन में बुरी तरह से फंस चुका था।

# जयपुर को स्वच्छता में देश के टॉप तीन शहरों में लाने के हों प्रयास : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रविवार को जयपुर के संस्थापक और पूर्व महाराजा सवाई जय सिंह की जयंती के मौक़े पर स्टेच्यू सर्किल पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौक़े पर जयपुर नगर निगम हेरिटेज की महापौर कुसुम यादव भी मौजूद थी। इस अवसर पर श्रीमती दीया कुमारी ने कहा कि जयपुर को एक नियोजित शहर के रूप में बसाया गया था जो अपने स्थापत्य और चौड़ी सड़कों के लिए विख्यात था और आज भी हम जयपुर शहर की सदियों पर योजनाबद्ध तरीक़े से बनी सुविधाओं का उपयोग कर रहे



है। उन्होंने कहा कि जयपुर अब एक यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सिटी है और यह हम सब की ज़िम्मेदारी है कि हमे जयपुर की विकास को संजोने का काम करना चाहिए। उन्होंने ज़ोर दे कर कहा कि हेरिटेज को बचाने के साथ ही शहर को स्वच्छ रखने की ज़िम्मेदारी ना केवल सरकार और स्थानीय प्रशासन की है बल्कि शहर के नागरिकों की भी है। इस मौक़े पर उपमुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि जयपुर शहर को स्वच्छता के मामले में देश के टॉप तीन शहरों में शामिल करने के प्रयास किये जाने चाहिए।

## राजस्थान को जैविक प्रदेश बनाने की मुहिम हुई तेज

जयपुर। राजस्थान को जैविक प्रदेश बनाने की मुहिम तेज हो गई है और सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने भी इसमें अपनी रुचि दिखाते हुए राजस्थान के 25 जैविक खेती करने वाले किसानों को सिक्किम में जैविक खेती प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया हैं तथा उन्होंने रविवार को इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया।

अखिल भारतीय गौशाला परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि परिषद और भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ ने माथुर से सिक्किम में जैविक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया था। इस अवसर पर माथुर ने कहा कि सिक्किम सरकार के कृषि मंत्री, कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और अन्य सभी जैविक कृषि विशेषज्ञों का पैनल प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद रहेगा।

# एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से मां और दो बच्चे जिंदा जल गए

भीनमाल/जालोर। एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है, जहां एयर कंडिशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से एक मां और उसके दो छोटे बच्चे जिंदा जल गए। यह त्रासदी तब घटी जब तीनों लोग घर की छत पर बने कमरे में सो रहे थे। घटना के समय महिला के पति और परिवार के अन्य सदस्य सिरोही जिले में अपने रिश्तेदारों के पास गए हुए थे। आग रविवार दोपहर करीब 12:45 बजे चेतन कुमार के मकान में लगी। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में 35 वर्षीय कविता, उसका 10 वर्षीय बेटा ध्रुव और 5 वर्षीय बेटी गौरवी की जान चली गई। हादसे की जानकारी मिलने पर पड़ोसियों ने देखा कि कमरे से काला धुआं उठ रहा है, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था।

पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी, लेकिन वहां का दृश्य हृदय विदारक था। तीनों का शरीर आग में जल चुका था। प्रत्यक्षदर्शी कपूर मोदी ने बताया कि जब उन्होंने धुआं देखा, तो पड़ोसियों को इस बारे में बताया। खिड़कियों से काला धुआं निकलते देख उन्होंने पुलिस को फोन किया। थोड़ी ही देर में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़कर भीतर जाकर देखा, जहां इस दर्दनाक हादसे का सामना करना पड़ा।

# भजनलाल राजनीति के नए जादूगर उभरकर आए सामने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में आगामी तेरह नवंबर को होने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के लिए चुनावी सरगर्मियां तेज होने लगी हैं वहीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बदलते राजनीतिक परिवेश के बीच राजनीति के नये जादूगर के रूप में उभरकर सामने आये हैं। शर्मा पिछले विधानसभा चुनाव में पहली बार विधायक चुने जाने के बाद पहली बार में ही मुख्यमंत्री बनने के बाद कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक निर्णय लेकर जनता से खूब वाहीवाही बटोरी और इसके बाद आगामी 13 नवंबर को होने उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई उम्मीदवारों के खिलाफ उठे बगावती सुर थामने में कामयाब रहे। साथ ही बगावत पर उतारु पार्टी के नेताओं से मुलाकात एवं उन्हें समझाकर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में उतारकर बदलते राजनीतिक परिवेश में अपने को अनुभवी एवं राजनीति के खिलाड़ी की तरह साबित करने में भी कामयाब रहे।

इस उपचुनाव में झुंझुनूं, रामगढ़, देवली-उनियारा एवं सलंबूर से टिकट नहीं मिलने पर भाजपा के प्रत्याशियों के खिलाफ बगावत के सुर उठे थे वहीं उपचुनाव में देवली-उनियारा से कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ भी बगावत के सुर उठे। इनमें मुख्यमंत्री की सूझबूझ एवं सियासी जादूगरी के चलते भाजपा के बगावत करने वाले पार्टी के चारों नेताओं को न केवल समझा लिया गया बल्कि वे पूरी तरह पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में भी जुट गए हैं लेकिन राजनीति के जादूगर कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पार्टी के नेता और उनियारा-देवली से टिकट की मांग करने वाले नरेश मीणा के बगावती सुर इतने बलवती होकर सामने आये है कि उन्होंने अधिकृत पार्टी प्रत्याशी कस्तूर चंद मीणा के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल कर दिया और अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया और वह पार्टी प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं। इसके बाद नरेश मीणा के समर्थन में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के संयोजक हनुमान बेनीवाल, निर्दलीय विधायक रविन्द्र सिंह भाटी एवं भारत आदिवासी पार्टी (बाप) पार्टी उनके समर्थन में आ गये। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा होने लगी हैं कि कई वर्षों के राजनीति में अनुभवी एवं तीन बार मुख्यमंत्री होने का गौरव रखने वाले सियासत के जादूगर गहलोत की कांग्रेस पार्टी एक बागी के बगावती सुर नहीं रोक पाई और महज 10-11 महीने पुराने एवं पहली बार के विधायक एवं मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के चार-चार बगावत करने वाले नेताओं को न केवल समझाने में कामयाब रहे बल्कि ये नेता पार्टी उम्मीदवारों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल पड़े। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा में बनाये गये नये प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की भी इसके लिए पीठ थपथपाई जा रही है। इसके अलावा नागौर जिले की खींवसर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के खिलाफ कोई बगावती तेवर तो नजर नहीं आये लेकिन वर्ष 2008 से यह सीट अस्तित्व में आई हैं तब से राजनीतिक दबदबा रखने वाले हनुमान बेनीवाल के सामने दो बार बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार के रूप में चुनौती देकर दूसरे स्थान पर रहने वाले दुर्ग सिंह चौहान को इस बार भाजपा के साथ जोड़कर भी एक नई कामयाबी हासिल की गई है। इससे पिछले विधानसभा चुनाव में महज करीब दो हजार मतों से पिछड़े पार्टी उम्मीदवार रेवंतराम डांगा को इस बार मजबूती मिलने की संभावना बलवती हुई हैं। यहां भी मुख्यमंत्री की लोग चर्चाओं में तारीफ भी कर रहे हैं। जब भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया तब भी पार्टी में बगावती सुर नहीं उठ पाये और न ही इसके बाद हुए चुनाव में किसी नेता के बगावती सुर सामने आये। इससे भजनलाल शर्मा नये सियासी जादूगर के रूप में उभरकर सामने आये हैं। इसके साथ भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ की भी खूब वाहीवाही होने लगी है कि उनके प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल में पार्टी नेता और कार्यकर्ता एकजुट नजर आने लगे है। राठौड़ डूंगरपुर पूर्व विधायक देवेन्द्र कटारा को भी भाजपा में वापस लाकर एक और राजनीतिक सूझबूझ दिखाई हैं वहीं उपचुनाव में रामगढ़ से निर्दलीय नामांकन पत्र भरने वाले निर्मल सुरा भी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। उल्लेखनीय है कि उपचुनाव में झुंझुनूं से भाजपा ने पूर्व प्रत्याशी राजेन्द्र भांबू को चुनाव मैदान उतारने पर उनके खिलाफ पार्टी के पूर्व प्रत्याशी बबलू नाराज हो गए और पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने की बात करने लगे। इस पर मुख्यमंत्री ने अपने मंत्री सुमित गोदारा सहित दो मंत्रियों को भेजकर उन्हें मना लिया गया और बगावत के सुर थाम दिए। इसी तरह उपचुनाव के लिए सलूंबर से पूर्व विधायक अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता देवी को भाजपा का टिकट मिलते ही पार्टी के नेता नरेन्द्र मीणा ने बगावती तेवर दिखाये और पुनर्विचार करने की मांग की गई लेकिन भजनलाल ने उन्हें जयपुर बुलाकर मुलाकात की और उन्हें समझा दिया गया। देवली-उनियारा से पार्टी उम्मीदवार पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुर्जर के खिलाफ भी पूर्व प्रत्याशी विजय बैंसला के समर्थकों ने बगावती तेवर दिखाना शुरु किया था लेकिन बैंसला को भी मना लिया गया। इसी प्रकार रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव में उतरे भाजपा के प्रत्याशी सुखवंत सिंह के खिलाफ भी पूर्व प्रत्याशी जय आहूजा ने विरोध किया लेकिन उन्हें भी मना लिया गया। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं सहित विभिन्न उपलब्धियों तथा मुख्यमंत्री शर्मा विकसित राजस्थान के लिए लगातार काम कर रहे है और केवल दस महीने के कार्यकाल में ही उन्होंने प्रदेश के शोषित, वंचित, आदिवासी, महिलाओं, युवाओं एवं किसानों के लिए जनहितैषी काम किए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की राज्य सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है और इसलिए वह यह उपचुनाव विकास कार्यो के आधार पर लड़ रही हैं। उन्होंने दावा किया कि पार्टी एकजुटता एवं मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है और उपचुनाव में भाजपा सभी सातों सीटें हासिल करने में कामयाब रहेंगी। अब दिवाली के बाद उपचुनाव के लिए राजनीतिक पार्टियों के नेताओं के दौरे भी शुरू हो गये और चुनावी सरगर्मियां जोर पकड़ने लगी है।



# गाजे-बाजे के साथ जूना अखाड़ा के साधु-संतों ने किया नगर प्रवेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**प्रयागराज/भाषा।** तेरह अखाड़ों में सबसे बड़े श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के साधु संतों ने गाजे-बाजे के साथ प्रयागराज नगर में प्रवेश किया। नगर प्रवेश झूंसी के रामापुर से प्रारंभ होकर यमुना नदी के तट पर स्थित श्री मौज गिरि आश्रम में संपन्न हुआ।

जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज ने बताया कि इस नगर प्रवेश में विभिन्न प्रांतों से करीब एक हजार साधु संत आए हैं जो दत्तात्रेय जयंती तक मौज गिरि आश्रम में प्रवास करेंगे। जूना अखाड़ा के साथ ही किन्नर अखाड़ा के साधु संत भी नगर प्रवेश में सम्मिलित हुए जिनमें किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण, महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि और अन्य साधु संत शामिल हुए।

इस नगर प्रवेश में साधु संत घोड़े और रथ पर सवार होकर निकले और चौराहों पर पुलिस अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। कीडगंज में नगर के महापौर गणेश केसरवानी ने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ साधु संतों का माला पहनाकर स्वागत किया। जूना अखाड़ा के संरक्षक और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री



श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा, आज यमुना के तट पर साधु संत पूजा पाठ करेंगे और दत्तात्रेय जयंती तक मौज गिरि आश्रम में प्रवास करेंगे। उन्होंने बताया, शरद पूर्णिमा के दिन जूना अखाड़ा के साधु संत रामापुर में आए थे और उस दिन गंगा स्नान किया। अब नगर प्रवेश के पूरे कार्तिक माह साथ साधु संत यमुना में स्नान करेंगे और कालिंदी उत्सव मनाएंगे। कुम्भ मेला क्षेत्र में भूमि आबंटित होने के बाद सरकार की अनुमति से हम कुम्भ मेला क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। जूना अखाड़ा के नगर प्रवेश के दौरान किसी तरह के विघ्न से बचने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। संगम नगरी में महाकुम्भ मेला मकर संक्रांति (14 जनवरी 2025) से शुरू होकर महाशिवरात्रि तक चलेगा जिसमें 40 करोड़ से अधिक लोगों के शामिल होने का अनुमान है।

### महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को होंगे अमृत कलश के दर्शन

**प्रयागराज/भाषा।** महाकुम्भ मेले में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को इस बार अमृत कलश के दर्शन होंगे। इलाहाबाद संग्रहालय ने महाकुम्भ के दौरान कलश से टपकती अमृत की बूंद के दृश्य को प्रतिकृति के रूप में प्रदर्शित करने की तैयारी की है। इलाहाबाद संग्रहालय के डिप्टी क्यूरेटर डॉ राजेश मिश्रा ने बताया कि महाकुम्भ के दौरान संग्रहालय की तरफ से स्थापित अमृत कलश देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा और इसे कुंभ श्रद्धालुओं के लिए 'सेल्फी प्वाइंट' के तौर पर विकसित किए जाने की योजना है। भारतीय कला और संस्कृति को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित करने के लिए मेला प्रशासन से 12 हजार वर्ग फुट जमीन देने की मांग की गई है। संग्रहालय प्रदर्शनी में 90 साल की क्रांति (आजादी की लड़ाई) को जीवंत रूप देगा।

## तवांग को भारत का हिस्सा बनाने वाले नायक के सम्मान में अरुणाचल में संग्रहालय का उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तवांग/भाषा।** वर्ष 1951 में 'नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (एनईएफए)' के सहायक राजनीतिक अधिकारी मेजर रालेंगनाओ बॉब खातिंग ने तवांग को भारत संघ में शामिल करने के लिए एक साहसिक अभियान चलाया था, जिसके 73 वर्ष बाद उनकी वीरता की याद में एक संग्रहालय का उद्घाटन किया गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने असम के तेजपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस संग्रहालय का बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया। वह खराब मौसम के कारण तवांग नहीं जा सके। खातिंग को असम के तत्कालीन राज्यपाल जयरामदास दौलतराम ने 17 जनवरी 1951 को चारिदुआर और तेजपुर के पास से असम राइफल्स के 200 सैनिकों और 400 'पोर्टर' के साथ तवांग की ओर कूच करने का आदेश दिया था।

द्वितीय विश्व युद्ध से पहले तवांग स्वतंत्र तिब्बती सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में था। कई प्रयासों के बावजूद अंग्रेज इसे अपने अधीन नहीं कर सके।

एनईएफए के ऐतिहासिक विवरणों के अनुसार, जब खातिंग और उनके लोग तवांग पहुंचे, तो उन्होंने तवांग मठ के पास एक ऊंचे स्थान पर स्थानीय कर अधिकारियों, गांव के बुजुर्गों और तवांग के प्रमुख लोगों के साथ बैठक बुलाई।



## यम द्वितीया के पर्व पर दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में डुबकी लगाई

**मथुरा (उप्र)/भाषा।** मथुरा और वृंदावन के विभिन्न घाटों पर 'यम द्वितीया' (भाई दूज) के अवसर पर रविवार को दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यमुना नदी के पवित्र जल में डुबकी लगाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट आने तक कोई अप्रिय घटना नहीं हुई थी तथा भाई-बहनों ने बड़ी संख्या में संयुक्त स्नान किया। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार, यम द्वितीया के पर्व पर मथुरा में यमुना स्नान के लिए भाई बहन बड़ी संख्या में आते हैं। माना जाता है कि जो भाईबहन इस दिन हाथ पकड़कर एक साथ यमुना में स्नान करते हैं, वे मृत्योपरांत यमफांस से मुक्ति पा जाते हैं,यानि उन्हें नरक की यातनाओं से मुक्ति मिल जाती है। प्रशासन ने यम द्वितीया पर्व पर विश्राम घाट पर होने वाले विशेष स्नान की चाक चौबंद व्यवस्था की थी। एसएसपी ने कहा कि 'यम द्वितीया' के अवसर पर दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में डुबकी लगाई है।

## तलवार से सिर कलम कर हत्या करने के मामले में आरोपी दारोगा गिरफ्तार

**जौनपुर/भाषा।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में ताइक्वांडो खिलाड़ी अनुराग यादव का तलवार से सिर कलम कर हत्या करने के मामले में आरोपी एक दारोगा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार उपनिरीक्षक राजेश यादव इस मामले के मुख्य अभियुक्त रमेश यादव का भाई है। हत्या के मामले में वह भी सहअभियुक्त है। अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने रविवार को बताया कि मेरठ के मवाना थाने में उप निरीक्षक के पद पर तैनात राजेश यादव को पूछताछ के लिए शनिवार को गौराबादशाहपुर थाने बुलाया गया था और पूछताछ में राजेश के मोबाइल नम्बर से घटना से एक दिन पहले और बाद में नामजद अभियुक्तों से कई बार बातचीत किए जाने की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि इससे घटना की साजिश में दारोगा राजेश यादव के शामिल होने की बात प्रमाणित हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इससे पहले इस मामले में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त रमेश यादव समेत दो आरोपियों को पकड़ा था।

## मणिपुर में छह उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के थौबल और विष्णुपुर जिलों से दो प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी। कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के पांच उग्रवादियों को अपहरण और जबरन वसूली में कथित संलिप्तता के लिए थौबल के चरंगपत मयाई लीकाई से गिरफ्तार किया गया है। बयान में कहा गया है कि इनकी पहचान थोकचोम विक्रम सिंह (29), सिनम विजेन सिंह (37), थंगजाम दीपक सिंह (30), लांबामायुम नाओबी सिंह (26) और हुइनिंगसुंबम टोन सिंह (21) के रूप में की गई है। बयान के अनुसार उग्रवादियों की गिरफ्तारी शुक्रवार को की गई और उनके पास से एक हथगोला, संगठन के पांच मांग पत्र, पांच मोबाइल फोन, 13 सिम कार्ड और एक वाहन जब्त किया गया। अन्य घटना में, पुलिस ने विष्णुपुर जिले के कुंबी इलाके से पीआरईपीएके (पीआरओ) संगठन से जुड़े उग्रवादी को गिरफ्तार किया जिसकी पहचान नोंगमाईथेम गुनामणि उर्फ अल्लू (32) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया यह कथित तौर पर जबरन वसूली के अपराध में संलिप्त था। उसके पास से एक हथगोला जब्त किया गया।

## हमें उम्मीद है कि इस्कॉन की ह्यूस्टन इकाई 'असमय' रथयात्रा की योजना टाल देगी: ओडिशा के मंत्री

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस्कॉन अमेरिका के ह्यूस्टन में नौ नवंबर को 'असमय' रथयात्रा आयोजित करने की अपनी योजना को टाल देगा। मंत्री ने शनिवार को कहा कि गजपति महाराजा दिव्यसिंह देव की अध्यक्षता वाली श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति के एक पत्र के बाद इस्कॉन ने तीन नवंबर को प्रस्तावित 'स्नान यात्रा' (स्नान अनुष्ठान) को पहले ही टाल दिया है। हरिचंदन ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि इस्कॉन नौ नवंबर के लिए ह्यूस्टन में प्रस्तावित रथयात्रा की योजना को भी टाल देगा। इस्कॉन की प्रस्तावित 'असमय' रथयात्रा से भगवान जगन्नाथ के श्रद्धालुओं में आक्रोश पैदा हो गया है। श्रद्धालुओं ने इस कदम का विरोध किया और ओडिशा सरकार से मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। गजपति महाराज ने सरकारी निकाय, इस्कॉन मायापुर के अध्यक्ष और इस्कॉन मंदिर, ह्यूस्टन के अध्यक्ष को पत्र लिख उनसे शास्त्र और परंपरा के अनुसार 'तिथि' का पालन करने, नौ नवंबर को प्रस्तावित रथयात्रा को रद्द करने का आग्रह किया है।

## ओडिशा सरकार महानदी मुद्दे को लेकर सतर्क, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से की चर्चा : माझी



**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार छत्तीसगढ़ के साथ महानदी जल विवाद को लेकर सतर्क है और इस मामले में पड़ोसी प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ दो बार चर्चा कर चुके हैं।

प्रदेश के बोलांगीर में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए माझी ने कहा कि राज्य सरकार इस मुद्दे को पूरी तरजीह दे रही है। जल संसाधन विभाग के प्रभारी माझी ने कहा, महानदी मुद्दे पर चर्चा चल रही है और मैंने व्यक्तिगत रूप से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के साथ शिष्टाचार बैठकों के दौरान दो बार चर्चा की है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य सरकार ओडिशा में महानदी नदी पर प्रस्तावित बैराज, बांध परियोजनाओं में तेजी लाने पर भी जोर दे रही है। ओडिशा के मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार बोलांगीर जिले के दो दिवसीय दौरे पर आए माझी ने आरोप लगाया कि पिछली बीजद सरकार ने जिले की उपेक्षा की है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि शनिवार को बोलांगीर जिले में 890 करोड़ रुपए की 83 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया।

## झारखंड में रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा : प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को जारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणा पत्र को आदिवासी समाज के विकास और युवाओं को रोजगार के लिए प्रतिबद्ध तथा महिलाओं को सशक्त बनाने वाला बताया और कहा कि उनकी पार्टी राज्य में रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी के अन्य नेताओं की मौजूदगी में रांची में भाजपा का घोषणा पत्र जारी किया। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया है। भाजपा के इस घोषणा पत्र का एक मुख्य फोकस राज्य में घुसपैठ का मुद्दा है। भाजपा ने वादा किया है कि वह सत्ता में आने पर राज्य में घुसपैठियों द्वारा कब्जाई जमीन को वापस करने के लिए कानून बनाएगी। इसके अलावा पार्टी ने 2.8 लाख सरकारी नौकरी और महिलाओं को हर माह 2,100 देने का ऐलान किया है। भाजपा ने इसके अलावा युवाओं को प्रोत्साहन राशि देने समेत कई वादे किए हैं।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज हम एक नई उम्मीद के साथ झारखंड की जनता-जनार्दन के बीच हैं। हमारा संकल्प-पत्र आदिवासी भाई-बहनों के सम्मान के साथ-साथ विकास, युवाओं को रोजगार और राज्य की नारीशक्ति को सशक्त बनाने वाला है। उन्होंने कहा, हम यहां की रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। भाजपा झारखंड में रोटी, बेटी और माटी के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रही है।




## झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करेगी भाजपा : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को घोषणा की है कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झारखंड में सत्ता में आई तो राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी, लेकिन जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा।

शाह ने झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र- 'संकल्प पत्र'- जारी करते हुए घोषणा की कि राज्य में उद्योगों और खदानों के कारण विस्थापित हुए लोगों का पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए विस्थापन आयोग का गठन किया जाएगा।

### जनजातीय समुदाय दायरे से बाहर रखे जाएंगे

शाह ने रांची में कहा, हमारी सरकार झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करेगी, लेकिन जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। (राज्य में) झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) सरकार इस झूठ का प्रचार कर रही है कि समान नागरिक संहिता से आदिवासियों के अधिकार के अलावा उनकी संस्कृति प्रभावित होगी। यह पूरी तरह निराधार है, क्योंकि उन्हें इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जनजातीय समुदाय के अधिकारों पर कोई असर न पड़े। उन्होंने कहा, यदि भाजपा झारखंड में सत्ता में आती है तो वह 'सरना धर्म कोड' के मुद्दे पर विचार-विमर्श करेगी और उचित निर्णय लेगी। झारखंड में उद्योगों और खदानों के कारण विस्थापित हुए लोगों के पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए विस्थापन आयोग का गठन किया जाएगा।



## भारत की शर्मनाक हार, न्यूजीलैंड ने 3-0 से क्लीन स्वीप करके रचा इतिहास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** जब भारत के विश्व स्तरीय बल्लेबाज नौसीखिए नजर आ रहे थे तब न्यूजीलैंड ने इसका फायदा उठाकर तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही रविवार को यहां 25 रन से जीत दर्ज करके तीन मैच की शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया और इस तरह से नया इतिहास रचा।

न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में 174 रन बनाकर भारत के सामने 147 रन का लक्ष्य रखा लेकिन कई दिग्गज बल्लेबाजों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम के लिए यह पहाड़ जैसा बन गया।

ऋषभ पंत की 64 रन की साहसिक पारी के बावजूद भारतीय टीम 29.1 ओवर में 121 रन पर ढेर हो गई।

यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम का अपनी धरती पर तीन मैच की शृंखला में सूपड़ा साफ हुआ। इससे पहले भारतीय टीम को अपनी धरती पर 2000 में दक्षिण अफ्रीका के हाथों दो मैच की शृंखला में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था।

भारतीय टीम का हाल में घरेलू मैदानों पर शानदार रिकार्ड रहा है लेकिन इस शृंखला में न्यूजीलैंड के सामने उसकी एक नहीं चली। मेहमान टीम ने परिस्थितियों से अच्छी तरह सामंजस्य बिठाकर खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया। भारत का स्पिनरों को मदद पहुंचाने वाली पिच तैयार करने का दांव उल्टा पड़ गया।

अपनी इस शर्मनाक हार के लिए भारतीय टीम ही दोषी है। उसके सामने बहुत बड़ा लक्ष्य नहीं था लेकिन उसने जल्दबाजी दिखाई तथा 16 रन के अंदर पांच विकेट गंवाने से उसका स्कोर पांच विकेट पर 29 रन हो गया।

## झामुमो नीत गठबंधन सत्ता में आया तो 5 की जगह 7 किलो राशन मिलेगा: सोरेन



**रांची/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन सत्ता में आया तो लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मौजूदा पांच की जगह सात किलो राशन मिलेगा। सोरेन ने कहा कि झामुमो नीत गठबंधन पेंशन राशि भी बढ़ाएगा। सोरेन ने आरोप लगाया कि झारखंड में भाजपा के शासनकाल में 11 लाख राशन कार्ड और तीन लाख पेंशन रद्द कर दी गईं, जिसके चलते कई आदिवासी, दलित भूख से मर गए। सोरेन ने कहा, मुझे गर्व है कि जहां भाजपा राज में भूख से मौतें आम थी वहीं आपकी अबुआ (हमारी) सरकार में हर झारखंडवासी को हक से राशन, पेंशन और पोषण मिल रहा है। उन्होंने कहा, झारखंड में दोबारा हमारी सरकार बनती है तो जन वितरण प्रणाली में पांच किलो अनाज के जगह सात किलो अनाज प्रति व्यक्ति दिया जाएगा। पेंशन में भी बढ़ोतरी की जाएगी।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ शर्मनाक हार पर तेंदुलकर ने आत्मनिरीक्षण की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सचिन ने कहा कि घरेलू शृंखला में 0-3 की हार को पचा पाना मुश्किल है। क्या यह तैयारी की कमी थी, क्या यह खराब शॉट चयन था या यह मैच अभ्यास की कमी थी। जीत के लिए 147 रन का पीछा करते हुए टीम इंडिया 29.1 ओवर में 121 रन पर ही हो गई ढ़ेर**

**मुंबई/भाषा।** भारतीय टीम का तीन मैचों की टेस्ट शृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से सूपड़ा साफ होने से स्तब्ध सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और हरभजन सिंह जैसे पूर्व दिग्गजों ने टीम से 'आत्मनिरीक्षण' का आह्वान करते हुए टेस्ट प्रारूप में 'अनावश्यक प्रयोग' बंद करने और बेहतर पिचों पर खेलना शुरू करने का आग्रह किया।

श्रीलंका से 0-2 की हार के बाद यहां पहुंची न्यूजीलैंड टीम के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 25 रन से हार झेलने के बाद भारत को पहली बार घरेलू मैदान कम से कम तीन मैचों की शृंखला में सूपड़ा साफ वाली हार का सामना करना पड़ा।

तेंदुलकर ने 'एक्स पर लिखा, घरेलू शृंखला में 0-3 की हार को पचा पाना मुश्किल है और इससे टीम को आत्मनिरीक्षण की जरूरत है। क्या यह तैयारी की कमी थी, क्या यह खराब शॉट चयन था या यह मैच अभ्यास की कमी थी?''

जीत के लिए 147 रन का पीछा करते हुए भारतीय टीम महज 29.1 ओवर में 121 रन पर आउट हो गई। दूसरी पारी में सिर्फ ऋषभ पंत (64) से बल्ले से कुछ कमाल कर सके। उन्होंने पहली पारी में भी अर्धशतक जड़ने के साथ शुभमन गिल (90) के साथ शानदार साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला था।

तेंदुलकर ने कहा, शुभमन गिल ने पहली पारी में जज्बा दिखाया और पंत दोनों पारियों में शानदार थे। उनकी शानदार फुटवर्क के सामने चुनौतीपूर्ण पिच भी बल्लेबाजी के लिए आसान दिख रही थी। सहवाग ने भारतीय बल्लेबाजों को स्पिनरों के खिलाफ अपने खेल के स्तर को ऊंचा करने की सलाह देते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरे लिए समर्थक के रूप में टीम का समर्थन करना अनिवार्य है लेकिन यह हमारी टीम का बहुत ही खराब प्रदर्शन रहा है। निश्चित रूप से स्पिन को खेलने के कौशल में सुधार करने की जरूरत है। कुछ प्रयोग छोटे प्रारूप में अच्छे लगते है लेकिन टेस्ट क्रिकेट में उनका अनावश्यक प्रयोग वास्तव में खराब था। इस पूर्व आक्रामक बल्लेबाज ने कहा, टॉम लैथम और न्यूजीलैंड की टीम को वह करने के लिए बधाई जो भारत आने वाली हर टीम के लिए एक सपना है और कोई अन्य इस तरह से जीत नहीं सका।

## बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन चिंताजनक, ऑस्ट्रेलिया में कुछ खास करने का प्रयास करेंगे : रोहित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शृंखला गंवाने के बाद स्वीकार किया कि स्टार बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन निश्चित रूप से भारत के लिए चिंता का विषय है लेकिन वादा किया कि टीम ऑस्ट्रेलिया में कुछ खास करने की कोशिश करेगी।

न्यूजीलैंड ने शृंखला में मेजबान भारत को 3-0 से हरा दिया। रोहित (91) और विराट कोहली (93) तीन टेस्ट मैचों में 200 से कम रन बना पाए जो भारत की हार का प्रमुख कारण था। रोहित ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह चिंता का विषय है। अगर बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं,



तो यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, जो हो गया, सो हो गया। एक खिलाड़ी के तौर पर, एक कप्तान के तौर पर, एक टीम के तौर पर, हम सभी को आगे के बारे में देखना होगा। हमें देखना होगा कि हम यहां जो हासिल नहीं कर पाए, उसे कैसे सुधार सकते हैं। हमारे पास ऑस्ट्रेलिया में जाकर कुछ खास करने का अच्छा मौका है। हम इस पर ध्यान केंद्रित करेंगे। घरेलू मैदान पर शर्मनाक हार से भारत पहले ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में शीर्ष से खिसक चुका है। लेकिन रोहित अभी ऑस्ट्रेलिया दौरे की चुनौती पर ही ध्यान देना चाहते हैं, उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हम इतने आगे के बारे में सोच सकते हैं। मैं ऑस्ट्रेलिया शृंखला से आगे नहीं सोचूंगा। ऑस्ट्रेलिया शृंखला हमारे लिए अब बहुत महत्वपूर्ण है। हम इसके बाद क्या होगा, इसके बारे में सोचने के बजाय शृंखला पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करेंगे। रोहित ने कहा, हमारे कई खिलाड़ी पहले भी वहां खेल चुके हैं और कई खिलाड़ी पहले वहां नहीं खेले हैं, यही वजह है कि हम वहां थोड़ा पहले जाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि हम परिस्थितियों के अभ्यस्त हो सकें।

ऑस्ट्रेलिया में भारत पिछली दो शृंखला जीत चुका है और रोहित ने कहा कि उन्हें उन जीत से आत्मविश्वास हासिल करना होगा।

## सुविचार

सबसे शक्तिशाली पद हासिल उतना कठिन नहीं होता जितना उस पर बने रहना होता हैं।


## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# 'लाहौरी गैंग' के डिजिटल पैंतरे

भारत में 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर साइबर ठगी की कई घटनाओं के जो ऑडियो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, उन पर गौर करें तो कुछ और ही बात सामने आती है। इसके बारे में ज्यादातर लोगों को मालूम नहीं है। अगर वे 'भाषा संबंधी' कुछ बातें ध्यान में रखें तो बहुत बड़े नुकसान से बच सकते हैं। दरअसल इन गतिविधियों में लिप्त कई साइबर ठग जिस तरह बातचीत करते पाए गए, वह शब्दावली पाकिस्तान के लाहौर और उसके आस-पास के निवासियों की होती है। लहजा भी वही है। इसका अर्थ यह नहीं है कि साइबर ठगी की सभी घटनाओं को सिर्फ पाकिस्तानी ठग अंजाम दे रहे हैं। भारत में भी कई इलाके साइबर ठगों के गढ़ बन चुके हैं। इसके साथ ही जिस तरह ठगों के ऑडियो-वीडियो सामने आ रहे हैं, उसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि 'लाहौरी गैंग' भी 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर लोगों के बैंक खाते खाली कर रही है। चोर कितना ही शातिर क्यों न हो, वह कहीं-न-कहीं ग़लती ज़रूर करता है। 'लाहौरी गैंग' के साइबर अपराधी इस बात की खूब कोशिश कर रहे हैं कि उनकी हिंदी बहुत अच्छी हो जाए। वे हिंदी के कुछ शब्द बोलते भी हैं, लेकिन जैसे ही मामला आगे बढ़ता है, पंजाबी लहजे वाली 'लाहौरी' उर्दू उनकी पोल खोल देती है। उदाहरण के लिए- एक लाहौरी ठग यह कहता पाया गया, 'कमप्लेन किसने दर्ज करवानी है? ... आपने दर्ज करवानी है।' 'अच्छा, हम कर्र रहे हैं।' 'नहीं, वह तो हमारे एरिया से बाहिर है।' 'तो रनवीर, अपना पूरा नाम बताएं।' 'अपना इस्टेटमेंट आनलाइन दर्ज करवाएं।' 'आपने किसी को बताना नहीं है।' 'आनलाइन मैसिज रसीव होने के बाद सिर्फ मुझसे कांटक्ट करना है।'

एक और लाहौरी ठग खुद को तेलंगाना पुलिस का अधिकारी बता रहा था, लेकिन इस राज्य के नाम का उच्चारण 'तिलंगाना' कर रहा था। इसी तरह एक ठग खुद को 'महाराश्टर' पुलिस का अधिकारी बता रहा था, जिसका दफ़्तर 'ममबई' में है! हिंदी का साधारण ज्ञान रखने वाला व्यक्ति भी मालूम कर सकता है कि ये शब्द हमारी आम बोलचाल से बिल्कुल अलग हैं। 'लाहौरी गैंग' ने कुछ शब्दों को रटने की कोशिश की है, जैसे- 'व्यक्ति', 'माता-पिता', 'देश', 'द्वारा' आदि। हालांकि कई शब्द उसकी 'मेहनत' पर पानी फेर देते हैं- 'आपने क्या समसिया दर्ज करवानी/करवाणी है?' 'इसके इलावा कुछ नहीं करना है।' 'मसला तकरीबन साल्व हो जाना है।' 'आपने नारमल रहना है ... बताएं ... आपके अधार कारड का मिसयूज हुआ है।' 'कौनसे / कौणसे नम्बर पर काल की थी?' 'कोई समसिया नहीं होगी, आपने सिर्फ अपना इस्टेटमेंट रिकारड करवाना है।' 'आपका पूरा नाम मि. ... जेन (जैन का उच्चारण) है?' 'धियान रखें।' 'आपका दमाग तो ठीक है?' 'आपके अधार कारड का इस्तेमाल निपाल (नेपाल का उच्चारण) के एड्रस पर कूरियर भेजने में किया जा रहा था।' 'आपने फून (फोन का उच्चारण) नहीं रखना है।' 'ओके मि. रोहत (रोहित का उच्चारण) ... आपने प्रोटोकाल को फालो करणा /करना है।' 'करपया लाइन पे बने रहें।' 'करेडिट कारड / कार्ड के लिए अपलाई किया था।' 'यह ग़ल्त बात है ... हमारी गरंटी है ... आपने बतानी है।' 'ओके मि. संजे (संजय का उच्चारण) ... विजे (विजय का उच्चारण) ...।' 'यह पासीबल नहीं है।' 'अगर आप इनोशंट हैं तो आपने घबराना नहीं है।' 'आपने कापरेट करना है, कोई पराबलम नहीं होगी।' 'आपके डाकूमेंट से इन्फारमेशन लीक हुई होगी।' 'आपने सिर्फ़ मुझसे कंटेक्ट करना है ... पेमंट करनी है।' 'आपने वटसअप पर भेजना है।' 'बाहिर किसी को नहीं बताना है।' 'बात सुनें ... जय्य / जे (जय का उच्चारण) हिन्द /हिनद ('द' पर ज़्यादा ज़ोर)!' इसलिए जागरूक रहें, सूझबूझ के अस्त्र से ठगों के जाल को काटें।

## ट्वीटर टॉक



खींवसर विधानसभा क्षेत्र के नोखा चांदावता और ददवाड़ा के दीवाली स्नेह मिलन कार्यक्रमों में जनता- जनार्दन का निस्वार्थ प्यार और आशीर्वाद मिला। संवाद क्रम में सभी देवतुल्य उपस्थित जनों से खींवसर उपचुनाव में भाजपा को वोट देने का आग्रह किया।

-गजेन्द्र सिंह शेखावत



भाई-बहन के अटूट प्रेम व स्नेह के प्रतीक पर्व भाई-दूज की हार्दिक शुभकामनाएं। यह पर्व आपके रिश्ते को और भी मजबूत बनाये और आपके जीवन में खुशियाँ, स्वास्थ्य और समृद्धि लाए। भाई-बहन का यह पवित्र बंधन हमेशा खुशियों से भरा रहे।

-ओम बिरला



सिविल लाइन स्थित कार्यालय में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र व प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जन से मुलाकात कर गोवर्धन पूजा और दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। यह उत्सव हम सभी के जीवन में खुशियों और समृद्धि का प्रकाश लाए।

-दीया कुमारी

## प्रेरक प्रसंग

# अनूठा संस्कृति प्रेम

भारत के एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. हरगोविन्द खुराना कुछ कारणों से अमेरिका जाकर बस गए। लेकिन फिर भी उन्हें अपनी मातृभूमि से गहरा प्यार और लगाव रहा। एक बार किसी काम से वे भारत की यात्रा पर दिल्ली आए हुए थे। जब भोजन का समय हुआ तो उनके समक्ष मेज पर पाश्चात्य ढंग का भोजन परोसा गया। भोजन देखकर डॉ. हरगोविन्द जी को आश्चर्य हुआ। वे भोजन व्यवस्था संभालने वाले व्यक्ति से बोले, 'भाई, इस तरह के भोजन का इंतजाम क्यों किया गया है?' भोजन प्रभारी बोले, 'सर, आप काफी समय से विदेश में रह रहे हैं। इसलिए पाश्चात्य ढंग के भोजन की व्यवस्था की गई है।' डॉ. साहब बड़े विनम्र होकर बोले, 'भाई, मैं अभी भी भारतीय भोजन खाता हूं। पाश्चात्य भोजन मुझे प्रिय नहीं है। कृपया मुझे बाजरे की रोटी व मक्के का साग खिलाने की व्यवस्था करें। मैं अपने घर आया हूं, मुझे विदेशी अतिथि जैसा न समझा जाए।' भोजन प्रभारी ने सिर्फ कुछ समय के भीतर बाजरे की रोटी व मक्के का साग की व्यवस्था कर दी। डॉ. साहब ने भोजन प्रभारी को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

## सामयिक

# तीसरी आर्थिक महाशक्ति होने का ताना-बाना

संजीव ठाकुर
मोबाइल : 9009415415

भारत ने चीन के साथ सीमाओं पर होने वाले युद्ध की आशंका को समाप्त करते हुए बातचीत से समझौते का सही रास्ता अख्तियार कर सीमांत मोर्चे पर बजट पर होने वाले चीन से युद्ध की आशंका पर खर्च को काफी हद तक बचा लिया है एवं एक मोर्चे से भारत अब निश्चिंत होकर अपनी आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर हो सकता है। यह तय है कि यदि चीन भारत से युद्ध नहीं कर सकता तो पाकिस्तान की इतनी हैसियत नहीं है कि वह चीन के बिना भारत से युद्ध करने की कभी कल्पना भी कर सके । इन परिस्थितियों में भारतीय अर्थशास्त्रियों का अनुमान है की भारत अब विश्व की तीसरी महाशक्ति बनने से काफी नजदीक पहुंच जाएगा और अमेरिका ब्रिटेन फ्रांस कनाडा जैसे देश जो भारत की प्रगति को बहुत ज्यादा पसंद नहीं करते हैं को भारत चीन के इस समझौते से बड़ा झटका ही लगा है। निश्चित तौर पर ये अंग्रेज देश नहीं जाएंगे कि भारत उनकी बराबरी के साथ खड़े होकर आंखों में आंखें डाल कर बात करे सके। भारत स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत आने वाले समय में एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आएगा। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्त रूप दिया गया था। समय समय मैं सरकारें बदलती रहे और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढता रहा। आज वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है ।अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति मैं भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है।

मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया है। अटल बिहारी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का जन्म करवाया था।

पर मैं यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं। हमारा देश अभी भी गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ है। आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड ब्राजील इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है, नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है कि बाहुबली अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनका ऑटोग्राफ लेने की गुजारिश की है और पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्र प्रमुख ने उनके चरण छूकर उनका अभिवादन किया, यह संभवत चमत्कारिक प्रभाव भारत के शक्तिशाली होने एवं वैश्विक शांति के प्रति देश की प्रतिबद्धता के कारण ही हुआ है।

> **गांधी जी ने स्वतंत्रता के बाद कहा था कि मेरे सपनों का भारत कैसा भारत हो जिसमें गरीब से गरीब और वंचित से वंचित तथा पिछड़ा व्यक्ति भी भारत को अपना देश समझे तथा भारत की सरकार ऐसी सरकार जो अपनी नीतियां अंतिम व्यक्ति को सोचकर बना सके और उस व्यक्ति को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हो सके। गांधीजी के सपनों के भारत को बनाने के लिए देश को सामाजिक, सांस्कृतिक, संस्कारिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक रूप से शक्ति संपन्न बनाना होगा तभी भारत का हर नागरिक अपने भारत के नागरिक होने पर गर्व उच्च स्तर पर कर सकेगा।**

पर दूसरी तरफ भारत की अंदरूनी स्थिति में भारत 140 करोड़ की जनसंख्या वाला देश हो गया हैश्र विकास की कल्पना में भारत आर्थिक तौर पर एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हो, इस स्थान पर गरीबी बेरोजगारी असमानता का उन्मूलन हो चुका हो। इसी तरह भारत कच्चे तेल के संकट से मुक्त होकर उर्जा संपन्न देश बने और भारतीय मुद्रा का चलन वैश्विक स्तर मैं सम्मान पूर्वक हो सके। सामाजिक स्तर पर विभिन्न लक्षित वर्गों जैसे दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, आदिवासी, महिलाओं तथा बच्चों के लिए लाभकारी नीति बनाई जानी चाहिए। अभी महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के के साथ सामाजिक तथा प्रशासनिक, वैज्ञानिक, चिकित्सकीय स्तर पर केवल कागजों में दिखाई देती है नारी प्रताड़ना का प्रतिशत अभी भी भारत में बहुत ज्यादा है। ग्रामीण क्षेत्र में बाल श्रम की स्थिति विकराल है अनाज का पर्याप्त भंडारण होने के बावजूद भूखमरी तथा बेरोजगारी भारत में सिर चढ़कर बोल रही है। इसी तरह भारत में सुरक्षा की दृष्टि से बहुत बड़ी बड़ी चुनौतियां हैं जैसे धार्मिक उन्माद, नक्सलवाद, चरमपंथी विचारधारा तथा विभिन्न राज्यों के आपसी विवादों से हमें मजबूती से निपटना होगा तब जाकर विकास की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा सकता है। भारत की प्रति व्यक्ति आय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपेक्षित रूप से बहुत कम है। भारत अभी वैज्ञानिक, तकनीकी और सुरक्षा के उच्च स्तर पर नहीं पहुंच पाया है। जिससे वह हर देश से आर्थिक सामाजिक राजनीतिक रूप से संतुलन बनाकर आमने सामने बैठ कर बात कर सके और इतना सामर्थ हो भारत कि हम संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के आमंत्रित सदस्य बनकर बुलाए जाएं।

गांधी जी ने स्वतंत्रता के बाद कहा था कि मेरे सपनों का भारत कैसा भारत हो जिसमें गरीब से गरीब और वंचित से वंचित तथा पिछड़ा व्यक्ति भी भारत को अपना देश समझे तथा भारत की सरकार ऐसी सरकार जो अपनी नीतियां अंतिम व्यक्ति को सोचकर बना सके और उस व्यक्ति को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हो सके। गांधीजी के सपनों के भारत को बनाने के लिए देश को सामाजिक, सांस्कृतिक, संस्कारिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक रूप से शक्ति संपन्न बनाना होगा तभी भारत का हर नागरिक अपने भारत के नागरिक होने पर गर्व उच्च स्तर पर कर सकेगा।

## नजरिया

# ड्रैगन के खिलाफ बलूचों ने क्यों उठा रखे हैं हथियार?

अशोक भाटिया
मोबाइल : 9221232130

पाकिस्तान में बलूच विद्रोहियों के हमले में 50 से ज्यादा सैनिकों और पंजाबी मूल के लोगों की मौत के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बौखलाए हुए हैं। शहबाज शरीफ का कहना है कि आतंकी चाइना पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर को निशाना बनाकर पाकिस्तान के विकास को रोकना चाहते हैं। शहबाज ने कहा, 'आतंकी चीन और पाकिस्तान के बीच दरार पैदा करना चाहते हैं। साथ ही उनका इरादा पाकिस्तान के अंदर अव्यवस्था पैदा करना है।' शहबाज शरीफ ने यह बयान ऐसे समय पर दिया जब ठीक एक दिन पहले ही बलूचों ने बलूचिस्तान प्रांत में कई जगहों भीषण हमला किया था और ठीक उसी समय चीन की जमीनी सेना के कमांडर ली किआओमिंग भी इस्लामाबाद आये हुए थे। चीनी कमांडर से बलूचिस्तान के मसले पर शहबाज की बातचीत भी हुई थी। तब शहबाज शरीफ ने कहा कि 'आतंकवाद को खत्म करने का समय आ गया है। हम सेना को वह हर संसाधन देंगे जो उन्हें जरूरत है ताकि खतरे को खत्म किया जा सके।' शहबाज ने बलूचिस्तान में हुई हिंसा की निंदा की। उन्होंने कहा कि इन गुटों के साथ तभी बातचीत होगी जब वे पाकिस्तान के संवधिान को स्वीकार करेंगे। शहबाज शरीफ ने संघीय कैबिनेट की बैठक में यह बयान दिया। बलूचों के हमले के बाद पाकिस्तानी सेना और शहबाज सरकार हिली हुई है। वहीं देश में खुफिया सूचना हासिल करने में फेल होने के लिए सेना और आईएसआई की आलोचना हो रही है।

दरअसल खैबर पख्तूनख्वा, पाकिस्तान हमेशा चीन को अपना सबसे जिगरी दोस्त बताता रहा है। उसके इशारों पर कुछ भी करने के लिए हमेशा तैयार रहता है। चीन और पाकिस्तान की करीबी दुनिया से छिपी भी नहीं है। लेकिन इस दोस्ती की कीमत कुछ चीनी नागरिकों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है। पाकिस्तान में सक्रिय आतंकियों ने की गाड़ी पर आत्मघाती हमला कर दिया। चायनीज इंजीनियर की गाड़ी पर हमला उस समय किया गया जब, चायनीज इंजीनियर इस्लामाबाद से दासू के लिए जा रहे थे।

चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर यानी सीपीईसी पर बढ़ते हमलों ने पाकिस्तानी सुरक्षा की पोल खोल दी है। चीन ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को दो टूक कहा है कि सुरक्षा मुहैया कराने में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा एजेंसियां फेल हो रही हैं। इसलिए चीन सीपीईसी वाले बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अपनी रेड आर्मी तैनात करेगा। चीन के राजदूत जियांग जायडोंग ने शहबाज को राष्ट्रपति शी जिनपिंग का ये मैसेज बता दिया है। पिछले दिनों बलोच हमलों में ग्वादर पोर्ट पर तीन चीनी अफसर घायल हो गए जबकि खैबर में कबाइली हमले में पांच चीनी इंजीनियर मारे गए। चीन इस बात से नाराज है कि पाकिस्तान ने पहले भी चीनी नागरिकों को सुरक्षा देने का भरोसा दिया था, लेकिन हमले नहीं रुके। दरअसल, उझएउ में चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान ने 15 हजार जवानों की स्पेशल सिक्योरिटी डिवीजन बनाई। लेकिन, दो साल में 30 चीनी नागरिक मारे जा चुके हैं।और तो और विस्फोटकों से भरे वाहन से टक्कर के बाद चीनी इंजीनियरों की गाड़ी खाई में गिर गई। आतंकियों ने चीनी नागरिकों पर हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में किया। आतंकियों ने बेशम शहर के पास आत्मघाती हमले को अंजाम दिया। विस्फोटक से भरी एक कार चायनीज इंजीनियर की गाड़ी से टकराई। हमले में पांच चीनी इंजीनियर और एक पाकिस्तानी की मौत हो गई। चीनी इंजीनियर 'डीएच प्रोजेक्ट' के सिलसिले में पाकिस्तान में थे। आतंकियों की विस्फोटक से भरी कार जब चायनीज इंजीनियर की गाड़ी से टकराई, तो जोरदार धमाका हुआ और कार खाई में जा गिरी। ये पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान में चीन के नागरिकों को निशाना बनाकर मारा गया है।



> **विदेश मामलों के जानकार क़मर आगा के अनुसार बलूच लोग चीन की दखल से त्रस्त हैं। इन्हें लगता है इनके हर संसाधन पर चीन का कब्जा होता जा रहा है और इसके खिलाफ ही लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। इस लड़ाई में सेक्यूलर लिबरल ग्रुप्स भी है, कुछ ग्रुप्स ऐसे हैं जिन्होंने हथियार उठा रखे हैं। कुछ धार्मिक समूह हैं जो इस लड़ाई को लड़ रहे हैं।**

चीन के करीब साढ़े सात हज़ार नागरिक पाकिस्तान में अलग-अलग प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। इनमें सीपीईसी प्रोजेक्ट शामिल हैं। इन प्रोजेक्ट पर काम करने वाले चीनी नागरिकों को पाकिस्तान में अक्सर निशाना बनाया जाता है। चीनी नागरिकों पर आतंकी हमले किये जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में कई चायनीज इंजीनियर और नागरिकों ने अपनी जान गंवाई है। जब चीन ने इन हमलों को लेकर पाकिस्तान को आंख दिखाई, तब वर्ष 2014 में पाकिस्तान सरकार ने चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए स्पेशल प्रोटेक्शन यूनिट बनाई इसमें में 4 हज़ार से ज्यादा सिक्युरिटी ऑफिसर शामिल हैं, ज्यादातर पाकिस्तान आर्मी से ताल्लुक रखते हैं। ऐसी सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी चीनी नागरिकों पर पाकिस्तान में ना सिर्फ हमले हो रहे हैं, बल्कि उनकी जान पर खतरा भी बना हुआ है। जबकि पाकिस्तान ऐसा देश है जो चीन के सैंकड़ों अहसान के तले दबा हुआ है। ऐसे में अगर चीन के नागरिकों को पाकिस्तान में निशाना बनाकर मारा जायेगा, तो चीन का नाराज होना लाजमी है।पाकिस्तान में आतंकी हमला होना कोई नई बात नहीं है और पाकिस्तान को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आतंकी हमले में उसके कितने नागरिक मारे गए। हमला क्यों हुआ, किसने किया। क्योंकि, भारत से नफरत में पाकिस्तान आतंकवाद और आतंकियों का समर्थन करता आया है।

पाकिस्तान में सत्ता चाहे किसी की रहे, देश की अवाम उनके लिए कोई मायने नहीं रखती। लेकिन अगर आतंकी हमला चीनी नागरिकों पर हो जाये, और वो भी एक साथ 5-5 चीनी नागरिक आतंकी हमले में मारे जायें। तो पाकिस्तान के हुक्मरानों के हाथ पैर फूल जाते हैं। उन्हें दिन में तारे दिखाई देने लगते हैं। और मंगलवार को हुए चीनी नागरिकों पर हमले के बाद भी ऐसा ही हुआ। लगातार चीनी नागरिकों के आतंकी हमले में मारे जाने से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस कदर घबरा गए है कि हमले के कुछ ही घंटे बाद अपनी पूरी कैबिनेट के साथ इस्लामाबाद स्थित चीन के दूतावास पहुंच जाते है और सफाई देने लगते है क्योकि शहबाज शरीफ को डर लगा रहता है कि चीन डांट फटकार लगाए उससे पहले किसी तरह उसे मना लिया जाये। पाकिस्तान, चीन के साथ अपनी दोस्ती को हिमालय से ऊंचा और समुद्र से गहरा बताता है, चीन को आयरन ब्रदर कहता है। लेकिन इस आतंकी हमले के बाद जो सामने आया वो चौंकाने वाला है। आमतौर पर ऐसी घटनाओं के बाद दूतावास मंत्री जाते हैं या राजदूत को प्रधानमंत्री आवास बुलाया जाता है। लेकिन डर की वजह से शहबाज शरीफ खुद ही चीनी दूतावास पहुंच जाते है ।शहबाज शरीफ की इतनी हिम्मत नहीं होती कि चीन के राजदूत से आंख से आंख मिलाकर बात तक कर सकें। पूरी बातचीत के दौरान शहबाज शरीफ चुपचाप नज़रें झुकाकर बैठे रहते है। चीन का पाकिस्तान से नाराज होना और पाकिस्तान सरकार का डर दोनों जायज है। क्योंकि, पिछले कुछ वर्षों में बार-बार चीन के नागरिकों को आतंकियों ने निशाना बनाया है। कई चीनी नागरिकों की जान भी गई है। लेकिन इस तरह के हमलों को रोकने में पाकिस्तान हमेशा नाकाम रहा है। सुरक्षा जानकारों के मुताबिक बलूचिस्तान और खैबर में चीन के सीपीईसी प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय लोगों में गुस्सा है। बलूच लिबरेशन आर्मी और खैबर में कबाइली हमलों के खिलाफ चीन हथियारबंद फौजियों की तैनाती के साथ-साथ जासूसी नेटवर्क भी तैयार करेगा।इसमें स्थानीय लोगों से मुखबिरी कराई जाएगी। चीन सरकार ने अलग से फंड देने का ऐलान किया है। चीन का मानना है कि खैबर में पाकिस्तान की सेना ने रोड ओपनिंग टीम नहीं भेजी थी, इसके कारण कबाइली घात लगाकर हमला करने में कामयाब रहे।

जानकारों का कहना है कि तंगहाल पाकिस्तान को छह लाख करोड़ के सीपैक प्रोजेक्ट के हाथ से जाने का खतरा है। इसलिए वह चीन द्वारा सेना को तैनात किए जाने से इनकार करने की स्थिति में नहीं है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जल्द चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं। पाकिस्तान को सीधी आर्थिक सहायता के लिए चीन पर निर्भरता जरूरी है। साथ ही पाकिस्तान एयरफोर्स के लिए 50 फाइटर जेट की डील भी होनी है। जापान के अखबार 'निक्केई एशिया' ने पाकिस्तान में मौजूद चीनी नागरिकों और उनके कारोबार पर खतरे को लेकर एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन किया था। इसकी रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के तमाम आतंकी संगठन चीनी नागरिकों और उनके कारोबार या कंपनियों को ही निशाना बनाने की साजिश रच रहे हैं। इसकी वजह यह है कि बीते 5 साल में यहां उनकी ताकत और रसूख बहुत तेजी से बढ़ा है। कई जगहों पर तो वो स्थानीय लोगों से भी ज्यादा ताकतवर हैं। आतंकी संगठनों को लगता है कि चीनी नागरिकों की वजह से उनकी कम्युनिटी या इलाकों को नुकसान हो रहा है और वो उनके कारोबार छीन रहे हैं। शुरुआती तौर पर कराची और लाहौर जैसे इलाकों में चीनी नागरिकों के कारोबार और ऑफिसों पर हमले हुए। इसके बाद उनकी कंपनियों को टारगेट किया गया।

विदेश मामलों के जानकार क़मर आगा के अनुसार बलूच लोग चीन की दखल से त्रस्त हैं। इन्हें लगता है इनके हर संसाधन पर चीन का कब्जा होता जा रहा है और इसके खिलाफ ही लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। इस लड़ाई में सेक्यूलर लिबरल ग्रुप्स भी है, कुछ ग्रुप्स ऐसे हैं जिन्होंने हथियार उठा रखे हैं। कुछ धार्मिक समूह हैं जो इस लड़ाई को लड़ रहे हैं। इनकी लड़ाई चीन और पाकिस्तान के साथ चल रही है। क़मर आगा कहते हैं, पाकिस्तान को चीन के प्रोजेक्ट्स से कोई फायदा नहीं हो रहा है, जैसे पाकिस्तान में चीन ने पावर प्रोजेक्ट्स शुरू किए हैं लेकिन इससे पाकिस्तानियों को कोई फायदा नहीं हो रहा है। अगर पाकिस्तान में पाकिस्तान को चीनी निवेश से किसी को फायदा हो भी रहा है तो वे पंजाब प्रांत के लोग हैं और व्यवसायी लोग हैं। इससे बलूचिस्तान के लोगों को कोई फायदा नहीं हो रहा है और यहीं वजह है कि अब पाकिस्तान में आजादी की लड़ाई छिड़ चुकी है।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

श्रद्धांजलि



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने रविवार को पटना में गुजरात के पूर्व राज्यपाल कैलाशपति मिश्रा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी।

# चीनी विद्वानों ने चीन में बौद्ध ग्रंथों में रामायण के प्रभाव को उजागर किया

**बीजिंग/भाषा**

चीन के विद्वानों का कहना है कि यहां सदियों से बौद्ध धर्मग्रंथों में रामायण की कहानियों के निशान मौजूद हैं। संभवत: पहली बार इस बात का खुलासा हुआ है कि देश के उतार-चढ़ाव भरे इतिहास में हिंदू धर्म का प्रभाव भी रहा है।

बीजिंग में भारतीय दूतावास द्वारा ''रामायण-ए टाइमलेस गाइड'' विषय पर शनिवार को आयोजित एक संगोष्ठी में धार्मिक प्रभावों पर लंबे समय से शोध कर रहे कई चीनी विद्वानों ने उन ऐतिहासिक मार्गों का पता लगाने वाली स्पष्ट प्रस्तुतियां दीं, जिनके माध्यम से रामायण चीन तक पहुंची और चीनी कला एवं साहित्य पर इसका प्रभाव पड़ा। सिंघुआ विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय अध्ययन संस्थान के प्रोफेसर एवं डीन डॉ. जियांग जिंगकुई ने कहा, धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष दुनिया को जोड़ने वाली सदाबहार कृति के रूप में रामायण का प्रभाव अंतर-सांस्कृतिक प्रसार के माध्यम से और भी अधिक महत्वपूर्ण रूप से बढ़ गया है। उन्होंने कहा, चीन ने भी इस महाकाव्य के तत्वों को आत्मसात किया है, जिसने न केवल चीनी (बहुसंख्यक) हान संस्कृति में निशान छोड़े हैं, बल्कि चीनी शिजांग (तिब्बती) संस्कृति में भी इसकी पुनर्व्याख्या की गई है और इसे नया अर्थ दिया गया है।

चीन आधिकारिक तौर पर तिब्बत को शिजांग के नाम से संदर्भित करता है। जियांग ने कहा, यह सांस्कृतिक प्रवास और अनुकूलन एक सदाबहार और सांसारिक ग्रंथ के रूप में रामायण के खुलेपन और लचीलेपन को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि चीन में रामायण से संबंधित सबसे प्रारंभिक सामग्री मुख्य रूप से बौद्ध धर्मग्रंथों के माध्यम से हान सांस्कृतिक क्षेत्र में पेश की गई थी।

जियांग ने कहा कि इसे हान सांस्कृतिक क्षेत्र में एक संपूर्ण कृति के रूप में शामिल नहीं किया गया, लेकिन महाकाव्य के कुछ हिस्सों को बौद्ध धर्मग्रंथों में जगह दी गई है। उन्होंने बौद्ध लिपियों के चीनी अनुवाद का हवाला दिया, जिनमें ''दशरथ और हनुमान को बौद्ध पात्रों के रूप में उल्लेखित किया गया है।जियांग ने कहा, एक प्रसिद्ध उदाहरण यह है कि हनुमान को वानर राजा में बदल दिया गया, जिन्होंने बौद्ध शिक्षाओं का पालन किया और क्लासिक बौद्ध नैतिक कथाओं में घुलमिल गए।

मानवीय विशेषताओं वाले वानर राजा सन वुकोंग को सबसे प्रिय और सबसे स्थायी चीनी साहित्य और लोककथाओं में शामिल किया गया है। चीनी सामाजिक विज्ञान अकादमी के राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय रणनीति संस्थान के प्रोफेसर लियू जियान ने अपनी प्रस्तुती में कहा कि कई चीनी विद्वान इस बात से सहमत हैं कि सन वुकोंग का संबंध हनुमान से है, हालांकि कुछ विद्वानों का कहना है कि वह चीन के ही थे।

उन्होंने कहा, चीनी विद्वान आम तौर पर इस बात पर सहमत हैं कि सन वुकोंग की छवि हनुमान से प्रेरित है। इसलिए, सन वुकोंग यहां का किरदार नहीं है, बल्कि भारत का एक किरदार है। 'चीन में राम के पदचिह्न' विषय पर सिचुआन विश्वविद्यालय के दक्षिण एशियाई अध्ययन केंद्र की मुख्य विशेषज्ञ और उप निदेशक प्रोफेसर किउ योंगहुआई ने अपनी प्रस्तुती में चीन के फुजियान प्रांत के क्वांझाउ संग्रहालय में विभिन्न हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीरें प्रदर्शित कीं।

# अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव : करोड़ों मतदाताओं ने समय पूर्व मतदान व्यवस्था का लाभ उठा वोट डाला

न्यूयॉर्क/भाषा। अमेरिका में इस बार राष्ट्रपति चुनाव में न्यूयॉर्क का 42 ब्रॉडवे एक अहम गंतव्य है, जहां निर्वाचन बोर्ड का दफ्तर का स्थित है।

कार्यकारी निदेशक माइकल रेयान और उनके डिप्टी विंसेंट इग्निजियो न्यूयॉर्क में मतदान तिथि से पहले पड़े वोटों की संख्या को लेकर खासे उत्साहित हैं। समय पूर्व वोटिंग व्यवस्था के तहत न्यूयॉर्क में पहले दिन करीब 1,40,000 लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

रेयान ने कहा, हम अपनी पीठ नहीं थपथपाना चाहते, लेकिन हम इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। न्यूयॉर्क ने समय पूर्व वोटिंग के मामले में पहले ही रिकॉर्ड कायम कर लिया है और मतदान अभी भी जारी है।

अमेरिका के विभिन्न प्रांतों में करोड़ों मतदाताओं ने मतदान तिथि (पांच नवंबर) से पहले ही अपने वोट डाल दिए हैं। फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के 'इलेक्शन लैब ट्रैकर' के आंकड़ों के मुताबिक, 6.8 करोड़ से अधिक अमेरिकी अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं। पूरे अमेरिका में मतदाता समय पूर्व मतदान व्यवस्था से मिलने वाली सहूलियत का लाभ उठा रहे हैं, फिर चाहे वह डाक मतपत्रों के माध्यम से हो या फिर मतदान केंद्रों पर जाकर वोट डालकर।

समय पूर्व मतदान व्यवस्था मतदाताओं को खराब मौसम, मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों में लगने, व्यस्तताओं के कारण वोट न डालने या चुनाव के दिन व्यक्तिगत कार्यक्रमों में बदलाव करने के झंझट से मुक्ति दिलाती है।

रेयान का मानना है कि समय पूर्व मतदान के प्रति सकारात्मक रुझान सुनिश्चित करने में कई कारकों ने अहम भूमिका निभाई, कम से कम न्यूयॉर्क शहर में। उन्होंने कहा, 2020 में समय पूर्व मतदान के लिए 100 से भी कम मतदान केंद्र बनाए गए थे। इस साल यह संख्या उससे लगभग 50 फीसदी अधिक है।

न्यूयॉर्क शहर के मैनहट्टन क्षेत्र में जॉन जे कॉलेज में समय पूर्व वोटिंग की सुविधा देने वाला एक मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। यहां पांच नवंबर को चुनावी तिथि से पहले ही बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने पहुंच रहे हैं।



अभिनेत्री तनिषा मुखर्जी रविवार, को मुंबई में फिल्म 'सिंघम अगेन' की स्क्रीनिंग पर मां तनुजा के साथ।

# वैदिक रीति-रिवाजों के साथ बंद हुए केदारनाथ के कपाट




देहरादून/भाषा। केदारनाथ के कपाट रविवार को वैदिक रीति-रिवाजों के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इस मौके पर 18,000 से अधिक श्रद्धालु वहां मौजूद थे। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के मीडिया प्रभारी हरीश गौड़ ने बताया कि मंदिर के कपाट बंद होने से पहले सुबह चार बजे वैदिक विधि-विधान व धार्मिक परंपराएं की गईं और सुबह साढ़े आठ बजे कपाट बंद कर दिए गए। उन्होंने बताया कि कपाट बंद होने की धार्मिक परंपराएं देखने के लिए 18,000 से अधिक तीर्थयात्री वहां पहुंचे।

बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि इस बार 16.5 लाख से अधिक श्रद्धालु तीर्थयात्रा के लिए केदारनाथ पहुंचे। गढ़वाल हिमालय में 11,000 फुट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। हर साल लाखों तीर्थयात्री यहां पहुंचते हैं। सर्दियों में इसके बर्फ से ढक जाने के कारण मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। गौड़ ने बताया कि भगवान शिव की मूर्ति को मंदिर के द्वार बंद होने से पहले पालकी में ओंकारेश्वर मंदिर में लाया गया, जहां सर्दियों के दौरान उनकी पूजा की जाएगी।



# 'द साबरमती रिपोर्ट' का गाना 'राजा राम' रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी की आने वाली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का गाना राजा राम रिलीज हो गया है। 27 फरवरी 2002 की सुबह, गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास एक भयानक घटना घटी, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया और भारत के इतिहास को बदल दिया। साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में अचानक आग लग गई, जिससे 59 तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की जान चली गई, जो अयोध्या से लौट रहे थे। इस घटना पर फिल्म द साबरमती रिपोर्ट बनायी जा रही है।द साबरमती रिपोर्ट का गाना राजा राम रिलीज कर दिया गया है। यह गाना गोधरा ट्रेन बर्निंग हादसे के आस पास की गंभीरता और गुस्से को खुद में कैद किए हुए है। गाने में न्याय की पुकार, सच की खोज, और इस दर्दनाक घटना के कुछ तीखे दृश्य दिखाए गए हैं। कलाकारों की दमदार परफॉर्मेंस इसे एक रोंगटे खड़े कर देने वाला अनुभव बनाती है। यह फिल्म देश को एक ऐसी घटना पर सोचने के लिए मजबूर करेगी जो आमतौर पर चर्चा में नहीं होती।इस गाने में भक्ति, भावना और गुस्से का मेल खूबसूरती से जाहिर किया गया है।

बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत, 'द साबरमती रिपोर्ट' में विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। यह फिल्म धीरज सरना निर्देशित और शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन द्वारा निर्मित है, जिसे ज़ी स्टूडियोज द्वारा पूरी दुनिया में रिलीज किया जायेगा। यह फिल्म 15 नवंबर को रिलीज होगी।



# आर. माधवन ने जारी किया 'अधीरष्टसाली' का पहला पोस्टर

**मुंबई/एजेन्सी**

शैतान फिल्म में शानदार अभिनय कर छाए अभिनेता आर. माधवन अब आगामी फिल्म अधीरष्टसाली के साथ धूम मचाने के लिए तैयार हैं। अभिनेता ने बहुप्रतीक्षित फिल्म से अपना फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। माधवन ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपना पहला लुक शेयर कर दर्शकों के उत्साह को और भी बढ़ा दिया है। मैडी ने पोस्टर को शेयर कर कैप्शन में लिखा गर्व से अपनी फिल्म अधीरष्टसाली का पहला लुक जारी कर रहा हूं। मिथ्रान आर जवाहर द्वारा निर्देशित यह एक शानदार और कभी न भूल पाने वाली यात्रा रही है।

अधीरष्टसाली पोस्टर में माधवन दोहरी भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। शेयर किए गए पोस्टर में अभिनेता एक तरफ बड़े व्यवसायी के रूप में दिखाई दे रहे हैं, बैकग्राउंड में एक विकसित शहर है। दूसरी तरफ वह ग्रामीण बैकग्राउंड के बीच एक आम और परेशान आदमी की तरह दिख रहे हैं। अधीरष्टसाली का निर्देशन मिथ्रान आर जवाहर ने किया है। मिथ्रान यारदी नी मोहिनी और थिरुचित्रम्बलम जैसी सफल फिल्मों का भी निर्देशन कर चुके हैं। दिलचस्प बात है कि अधीरष्टसाली माधवन और मिथ्रान की पहली फिल्म है।

फिल्म की पटकथा लेखक जयमोहन है। फिल्म में आर. माधवन के साथ शर्मिला मांड्रे, राधिका सरथकुमार, मैडोना सेबेस्टियन, साईं धनशिका, जगन, निरूप एनके, उपासना आरसी, मैथ्यू वर्गीस, उदय महेश, केएसजी वेंकटेश और रवि प्रकाश जैसे शानदार कलाकार शामिल हैं। फिल्म में माधवन के साथ शर्मिला मांड्रे मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। वहीं, राधिका सरथकुमार माधवन की मां की भूमिका में नजर आएंगी। अधीरष्टसाली की शूटिंग हाल ही में समाप्त हुई है और फिल्म की शूटिंग हैरी पॉटर फिल्म के विक्टोरिया स्ट्रीट पर भी हुई है। निर्माताओं ने अभी तक फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है।

इस बीच आर. माधवन के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह इसी साल रिलीज हुई हॉरर फिल्म शैतान में नजर आए थे। अधीरष्टसाली के अलावा अभिनेता के आगामी प्रोजेक्ट पर नजर डालें तो वह शशिकांत द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म टेस्ट में भी दिखाई देंगे। फिल्म में माधवन के साथ नयनतारा और सिद्धार्थ भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# राजस्थान की खूबसूरती में खोई सामंथा

**मुंबई/एजेन्सी**

साउथ फिल्म जगत की सफल अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु की सीरीज 'सिटाडेल: हनी बनी' इसी महीने रिलीज के लिए तैयार है। इस बीच अभिनेत्री ने राजस्थान से अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह एंजॉय करती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री सामंथा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर राजस्थान की खूबसूरती में बिताए छुट्टी के दिनों की झलक फैंस को दिखाई है, जिसमें वह जमकर मस्ती करती नजर आ रही हैं। शेयर की गई कई तस्वीरों में से एक में वह मिट्टी के बर्तन बनाती, टेस्टी भोजन का लुत्फ उठाती और सुंदर जगहों को निहारती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, कुछ सुखद दिन अब एक क्रेजी नवंबर के लिए तैयार हैं। इससे पहले सामंथा ने जंगली जानवरों के साथ प्रकृति की खूबसूरती को निहारते हुए अपनी शानदार तस्वीरें पोस्ट की थीं। पोस्ट को कैप्शन दिया 'बाघ के साथ प्रकृति की खूबसूरती देखी।'

इस बीच वर्कफ्रंट की बात करें तो सामंथा राज एंड डीके की वेब सीरीज सिटाडेल: हनी बनी में वरुण धवन के साथ एक्शन करती नजर आएंगी। सीरीज में वरुण स्टंटमैन बनी की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, सामंथा फिल्म में एक जासूस की भूमिका निभाते नजर आएंगी। ''सिटाडेल: हनी बनी'' की कहानी वरुण और सामंथा के इर्द-गिर्द घूमती है और एक रोमांचक दुनिया मे ले जाती है। सामंथा और वरुण सीरीज में साथी एजेंट होने के साथ ही एक रोमांटिक जोड़ी के रूप में नजर आए हैं। सीरीज का निर्देशन राज एंड डीके (राज निदिमोरु और कृष्णा डीके) ने किया है। इस सीरीज में वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु के साथ केके मेनन, सिमरन, साकिब सलीम, सिकंदर खेर, काशवी मजूमदार, सोहम मजूमदार, शिवांकित परिहार भी अहम रोल में हैं। सिटाडेल: हनी बनी 7 नवंबर को प्राइम वीडियो इंडिया पर शुरू होने के लिए तैयार है।





# कंगना रनौत ने भाइयों को दी भाई दूज की शुभकामनाएं

**मुंबई/एजेन्सी**

देश भर में भाई-बहन को समर्पित त्योहार भाई दूज धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस बीच बॉलीवुड 'क्वीन' कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर भाइयों को खास अंदाज में बधाई दी है। अपनी आगामी इमरजेंसी की रिलीज को लेकर उत्साहित अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन पर भाइयों के साथ एक खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर कैप्शन में लिखा,भाई दूज वह त्योहार है, जिसमें बहन अपने भाई की गरिमा, गौरव और कल्याण के साथ रक्षा करने की प्रतिज्ञा करती है। तस्वीरों की पोस्ट पर अभिनेत्री ने अपने भाइयों वरुण रनौत, अक्षत रनौत, करण रनौत पर टैग भी किया। कंगना रनौत अपने प्रशंसकों से जुड़े रहने के लिए अक्सर सोशल मीडिया का सहारा लेती नजर आती हैं। इससे पहले अभिनेत्री ने राजस्थान से कुछ तस्वीरें शेयर की थी, जिसमें वह मीराबाई के महल में सुकून के पल बिताती नजर आ रही हैं। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ किले के साथ वह अपने कुलदेवी के मंदिर पहुंचीं, जिसकी झलकियां उन्होंने दिखाई थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो कंगना अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। फिल्म में कंगना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी। इमरजेंसी को हाल ही में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से सेंसर सर्टिफिकेट मिला है। फिल्म का निर्देशन कंगना रनौत कर रही हैं। 'इमरजेंसी' 'मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफ झांसी' के बाद कंगना की दूसरी निर्देशित फिल्म है। फिल्म में कंगना रनौत के साथ श्रेयस तलपड़े समेत फिल्म जगत के कई सितारे अहम भूमिका में नजर आएंगे।

देशभर में भाई दूज का पर्व मनाया जा रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भाई दूज के दिन बहनें व्रत रहने के साथ कथा सुनती हैं। कथा में बहन, भाई को श्राप देती हैं। उसके बाद बहन उस श्राप से मुक्ति की कामना भी करती हैं। कथा सुनने के बाद बहनें, भाई को मिठाई खिलाने के बाद व्रत को पूरा करती हैं और भाई की लंबी उम्र की प्रार्थना करती है। बहनें सुबह से ही पूजा के लिए खास तैयारी करती हैं।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित संतश्री मलयप्रभसागरजी एवं साध्वीश्री स्वर्णांजनाश्रीजी की निश्रा में परमात्मा महावीर निर्वाण कल्याणक और गणधर गौतम स्वामी केवल ज्ञान दिवस मनाया गया।




# मंडल के दीपावली स्नेह मिलन में दिखा उत्साह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के राजस्थानी मित्र मण्डल विजयनगर के तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया जिसमें सदस्य परिवारों ने भाग लिया। प्रकाश गांधी, संजय पीतलिया ने मंगलाचरण किया। अध्यक्ष महेन्द्र टेबा ने सभी का स्वागत करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी। मंत्री कैलाश बोहरा ने संस्था की संक्षिप्त रिपोर्ट पेश की। स्नेह मिलन की जानकारी संयोजक हेमंत दलाल ने तथा आगामी वॉलीबॉल टूर्नामेंट की जानकारी संयोजक जयंतीलाल बोहरा ने दी। कार्यक्रम में लक्की ड्रॉ का आयोजन राजेश चावत ने तथा संचालन सुरेश मांडोत ने किया। इस मौके पर विभिन्न प्रायोजक, सहयोगी व सदस्य उपस्थित थे। पारस मेहता ने धन्यवाद दिया।

## काली पूजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के अमृसबाई बांगोबासी संस्था द्वारा कस्तूरबा नगर बृहद बेंगलुरु महानगरपालिका खेल मैदान में सार्वजनिक श्यामा काली पूजा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने देवी मां के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मुणोत ने कहा कि प्रेम, सेवा, परोपकार, देशभक्ति धर्म का असली स्वरूप है। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।



# सम्यक्त्व की अद्भुत मिसाल जगाने वाले थे संतश्री गणेशलाल : साध्वी धर्मप्रभा

## हनुमंतनगर में महापुरुषों की जयंती पर हुआ गुणानुवाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक हनुमंतनगर के तत्त्वावधान में एवं साध्वीश्री धर्मप्रभाजी व स्नेहप्रभाजी के सान्निध्य में कर्नाटक गजकेसरी घोर तपस्वी श्री गणेशलाल जी महाराज की 145वीं जयन्ती एवं महासाध्वी श्री सज्ञनकंवरजी म. सा. की 104 वीं जयंती दो-दो सामायिक की साधना के साथ तपत्याग पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने कर्नाटक गजकेसरी श्री गणेशलाल जी महाराज के गुणानुवाद करते हुए कहा कि वे एक क्रान्तिकारी व्यक्तित्व को लेकर प्रकट हुए थे। जनमानस को मिथ्यात्व अंधकार के अज्ञान-तम से अपने साधना तप-बल की कसौटी से उन्हें आत्मा के सम्यक दर्शन रूप प्रकाश से आलोकित करते हुए समकित की ओर मोड़ा। उन्होंने खादी, सम्यक्त्व तथा मुंहपति का प्रचार किया। उनका मूक पशुओं के प्रति गहरी आत्मिक संवेदना- करुणा, अनुकम्पा का भाव था। जिसके फलस्वरूप जहाँ जगह- जगह हिंसा होती थी अपने उदबोधन से वहाँ उस जीव हिंसा को रुकवा कर लोगो को प्रभु महावीर के परम अहिंसा का मार्ग बतलाया। उनकी सदप्रेरणा से विभिन्न स्थानों पर गौशालाएँ स्थापित हुई। आप सरल, गंभीर, स्पष्टवक्ता थे। आजीवन एकांतर उपवास तप की साधना करते थे। तपस्या आपके जीवन का प्रधान अंग था।

देव भी सहायकरूप आपकी सेवा में रहते थे। उनका दक्षिण कर्नाटक की धरती पर विशेष उपकार रहा है। वि. सं. 1936, कार्तिक शुक्ला ठको बिलाड़ा राजस्थान में सदगृहस्थ ललवाणी परिवार में आपका जन्म हुआ था। वे संस्कृत, प्राकृत, हिन्दी मराठी, कन्नड़, उर्दू आदि अनेक भाषाओं के जानकार थे। एक महान आत्मा जब धरती पर जन्म लेती तो वो घरती धन्य धन्य हो जाती है क्योंकि एक आत्मा महान तब बनती है जब वो कद्म- कदम पर संकटों का सामना बड़े समभाव और निडरता के साथ करती है। संत कभी स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि परार्थ के लिए जीते है। उन्होनें समकित की मशाल लेकर मिथ्यात्व के अंधकार को दूर करने के लिए अथक पुरुषार्थ किया।

गुरुवर्याश्री सज्ञनकंवरजी की जयन्ती पर उनके बहुआयामी संयमी जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वे सरलता, सहजता, समता व ममता की साक्षात प्रतिमूर्ति थीं। उनका व्यक्तित्व बड़ा ही वात्सल्यपूर्ण, प्रेम व मैत्री से परिपूर्ण था। उनकी वाणी में मधुरता, स्वरों में भक्ति की गूंज एवं प्रवचन बड़ी ही सरल भाषा में और बड़े ही प्रभावी थे। जो भी आपकी मीठी वाणी सुनता था वो मंत्र मुग्ध हो जाता था। आप मरुधर केसरी श्री मिश्रीमल जी म. सा. की सम्प्रदाय की परम विदुषी ज्ञानी-ध्यानी महासती जी थे। साध्वीश्री स्नेहप्रभा जी म. सा. ने भी दूय महान संयमी आत्माओं के गुण-स्मरण किए। अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संघमंत्री सुरेश कुमार धोका ने किया।

## श्रीचक्र पूजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



वेल्लर स्थित श्रीपुरम श्रीनारायणी पीठम में दीपावली के मौके पर 10008 दीपों से श्री चक्र की आकृति बनाकर विशेष आराधना की तथा श्रीचक्र पूजा की। इस मौके पर श्रीनारायणी पीठ के पीठाधीश शक्ति अम्मा ने आराधना में दीप प्रज्वलित कर पूजा सम्पन्न कराई तथा उपस्थित जनों को आशीर्वाद दिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## श्याम मंदिर में अन्नकूट

बेंगलूरु के बन्नरघट्टा रोड स्थित श्याम मंदिर ट्रस्ट के श्याम मंदिर में शनिवार को दीपपर्व की श्रृंखला में अन्नकूट का आयोजन किया गया जिसमें बाबा श्याम भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया तथा अनेक व्यंजन अर्पण किए गए। इस मौके पर मंदिर के संस्थापक सदस्य महेश गुप्ता, रेवन्तमल झंवर, देवीलाल गोयल, किशोरीलाल मोहता, प्रभात किशनपुरिया सुशील राणासरिया, ऋषि गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने बाबा श्याम के दर्शन किए तथा अन्नकूट प्रसाद का लाभ लिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## रक्तदान शिविर

हुब्बल्ली के सुंदर केसरी तातेड़ परिवार ने राष्ट्रोत्थान रक्त केंद्र के सहयोग से जीतो लेडीज विंग की आयरन लेडी साधना सोहन तातेड़ की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, इस शिविर में 41 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर दत्तमूर्ति कुलकर्णी, रिकबचंद तातेड़, जसराज तातेड़, गणपतराज तातेड़, सोहनलाल जैन, विनोद जैन, भरत पटवारी, हितेश बाफना, आशीष नाहटा, अभि जैन, बाहुबल जैन, भावेश नेतानी और अन्य शामिल थे।





# शर्मा ट्रांसपोर्ट के दीपावली पूजा में शामिल हुए राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दीपावली के अवसर पर शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के मुख्य कार्यवाह व शर्मा ट्रांसपोर्ट के कलासिपाल्यम कार्यालय में भव्य लक्ष्मी पूजा का आयोजन हुआ जिसमें कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार शामिल हुए। शिवकुमार ने मां लक्ष्मी की पूजा कर राज्य के लिए खुशियां की कामना की। इस मौके पर उनके साथ रजाय के परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी भी उपस्थित थे। सुनील शर्मा ने उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री का सम्मान किया। शर्मा परिवार ने राजनेताओं के प्रति आभार जताया तथा दीपावली की शुभकामनाएं दी।

# जीवन में सबसे पहले खून के रिश्तों को महत्त्व दीजिए : विनयमुनि

## तीन दिन ज्ञान पंचमी की होगी विशेष आराधना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गणेश बाग में चातुर्मासार्थ विराजित मुनिश्री विनयमुनिजी ने भाई दूज के दिन अपने प्रवचन में कहा कि आज के दिन प्रायः देश के सभी प्रान्तों में अलग अलग परम्पराओं से बहन अपने घर भाई को निमन्त्रित करती है और उनके दीर्घायु की मंगल कामना करती है। प्रभु महावीर के निर्वाण के दूसरे दिन शरीर का अन्तिम संस्कारादि सभी क्रियाए पूर्ण हुई। नया वर्ष का (2551) वीर निर्वाण संवत चालू हो गया था। भगवान महावीर के निर्वाण के बाद उनकी बहन सुदर्शना और बड़े भाई नंदीवर्धन दोनों के आज का दिन लौकिक दृष्टि से मिलन भाई दूज रूप में बोला जाता है। बहन अपने घर भाइयों को आदर, मान-सम्मान, वात्सल्य, श्रद्धा, तथा आन्तरिक पवित्र, प्रीति' भावनाओं में परस्पर आनंद में सात्विक भावनाओं का ये दिन माना है। आने वाला भविष्य मानव समाज के लिए शुभ नहीं लग रहा है अपने खून के रिश्ते को पहले संभालना चाहिए। व्यवहारिक जीवन भी अर्थ से जुड़ गया है। समझ को सात्विक भावना से भरिए, सब कुछ भविष्य में आप आपका अच्छा होगा। संघ प्रवक्ता राजू सकलेचा ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री संपतराज मांडोत ने धन्यवाद देते हुए बताया कि आगामी तीन दिवस ज्ञान पंचमी की आराधना तप जाप से मनाई जाएगी।

# महावीर निर्वाण कल्याणक और गौतम स्वामी केवलज्ञान दिवस पर किया मोदक अर्पण

## विमलनाथ जिनालय और दादावाड़ी का हुआ द्वारोद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित संतश्री मलयप्रभसागरजी एवं साध्वीश्री स्वर्णांजनाश्रीजी की निश्रा में परमात्मा महावीर निर्वाण कल्याणक और गणधर गौतम स्वामी केवल ज्ञान दिवस मनाया गया। गुरुदेवश्री मलयप्रभसागरजीने नववर्ष वीर सम्वत के उपलक्ष्य में महामांगलिक, सप्त स्मरण के साथ सकल संघ को गौतम स्वामी रास का श्रवण करवाया और कहा कि गणधर गौतमस्वामीजी से हमें परमात्मा महावीर के प्रति विनय भाव, अटूट समर्पण और प्रेम से सीख लेनी है। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज मालानी ने सकल संघ को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए सभी को आगामी वीर संवत में खुशहाली और आरोग्य की शुभकामनाएं दी। ट्रस्ट के महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा ने गुरुदेव और गुरुवर्याश्रीजी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए दीपावली पर्व के अवसर पर परमात्मा महावीर की मूलवाणी उत्तराध्ययन सूत्र को विवेचन सहित सकल संघ को श्रवण करवाने हेतु आभार जताया। प्रवक्ता अरविन्द कोठारी ने बताया कि आगामी ज्ञान पंचमी को श्रुत ज्ञान की आराधना और कार्तिक पूर्णिमा के दिन शत्रुंजय गिरिराज की भाव यात्रा का कार्यक्रम गुरुदेव और गुरुवर्याश्री जी की निश्रा में करवाया जाएगा। ट्रस्ट के ललित डाकलिया ने बताया कि साधु साध्वी भगवन्तों का चातुर्मास परिवर्तन मिगसर वदी 1 को त्यागराजनगर स्थित महावीर रिजेन्सी में हीराचन्द बुरड़ और भरत कुमार गटागट के निवास पर होगा। वीर सम्वत के नववर्ष दिवस पर प्रातः की भोर वेला में श्री विमलनाथ जिनालय और दादावाड़ी का द्वारोद्घाटन विमलादेवी नवरतनकुमार गुलेच्छा परिवार ने किया। परमात्मा के निर्वाण कल्याणक के उपलक्ष्य में मोदक अर्पण मुकेशकुमार सुनीलकुमार धारीवाल परिवार ने, गणधर गौतमस्वामीजी को मोदक अर्पण संघवी कुशलराज पृथ्वीराज गुलेच्छा परिवार ने, दादा गुरुदेव को मोदक अर्पण बाबूलाल बस्तीमल भंसाली परिवार ने, नाकोड़ा भेरूजी को मोदक अर्पण कुसुमदेवी तेजराज मालानी परिवार ने, अंबिका माता को मोदक अर्पण कमलादेवी माणकचंद कोठारी परिवार ने लिया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष महेन्द्रकुमार रांका, कोषाध्यक्ष रणजीत ललवाणी, तनसुखराज गुलेच्छा के साथ दादावाड़ी ट्रस्ट से जुड़ी समस्त संस्थाओं के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।



# अणुव्रत प्रवर्तक आचार्य तुलसी ने मानवता के विकास के लिए अथक श्रम किया : साध्वीश्री सिद्धप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कार्तिक शुक्ला द्वितीय को तेरापंथ के नवमाचार्य आचार्यश्री तुलसी के 111वें जन्मदिवस साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी के सान्निध्य में विजयनगर स्थित तेरापंथ भवन में मनाया गया। इस मौके पर साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी ने आचार्य तुलसी के प्रदत्त अवदानों के साथ में अनेक संस्मरणों को उल्लेख करते हुए, नारी शक्ति, युवा शक्ति और संपूर्ण मानवता के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। नैतिकता और अनुशासन को सामान्य जन जीवन में प्रतिस्थापित करने हेतु अणुव्रत आंदोलन का महाअभियान चलाया। महिला समाज को बड़े घूंघट प्रथा से मुक्त करने में अहम भूमिका निभाई। आध्यात्मिक जगत में जैन धर्म का जन धर्म बनाने हेतु आचार्यश्री महाप्रज्ञजी को आगे बढ़ाया। प्रेक्षा ध्यान, जीवन विज्ञान आदि अनेक व्यक्तित्व विकास के सोपान प्रदान किए। साध्वीश्री मलयशाजी, आस्थाप्रभाजी ने आचार्य तुलसी के रोचक संस्मरण की प्रस्तुति की। साध्वी दीक्षाप्रभाजी संचालन करते हुए गुरुदेव तुलसी के जीवन पर प्रकाश डाला।

सभा अध्यक्ष मंगल कोचर, तेयुप अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा, अणुविभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश चावत, महिला मंडल अध्यक्षा मंजू गादिया ने आचार्यश्री के गुणों को याद किया। महिला मंडल की बरखा पुगलिया, रितु शामसुखा, सरिता छाजेड़, मिश्रीलाल गांधी, चांदमल रांका, पिस्ता बाई ने अपने विचार व्यक्त किए। जैन युवा संगठन द्वारा भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाणोत्सव पर आयोजित 25.50 करोड़ नवकार जाप नवकार करे भावपार के जापार्थियों के लक्की ड्रॉ द्वारा 5 श्रावकों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सभा मंत्री दिनेश हिंगड सहित अनेक श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे।

## जीवदया सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के शुभ लाभ जीवदया ग्रुप के सदस्यों ने कुसमदेवी तेजराज मालाणी परिवार के सहयोग से कबूतरों को दाना, गायों को घास व केला, कुतों को दूध व बिस्किट एवं चीटियों को चिसन दिया गया। कैलाश संखलेचा द्वारा लाभार्थी परिवार एवं जीवदया प्रेमी कार्यकर्ताओ का धन्यवाद दिया गया। इस जीवदया कार्यक्रम में राधा गुलेच्छा, ममता छाजेड, कांता फोफलिया, जयश्री जैन, रीटा ललवानी, पिंकी ललवानी, किंजल गुलेच्छा, पिंकी बाफना, प्रतीक फोफलिया आदि ने जीवदया की।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com